हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 227, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 3 फरवरी, 2022 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

## बड़े कारखाने बंद हो रहे, सरकारी नौकरियों की संख्या घट रही : खड़गे

### राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि देश में व्यापक बेरोजगारी व्याप्त

नई दिल्ली। कोरोना प्रतिबंधों के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही का समय बदल दिया गया है। आज राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 10 बजे ही शुरू हो गई। इस दौरान सांसदों ने मलेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों की याद में मौन रखा और इसके बाद फिर चर्चा शुरू हुई। इसके अलावा आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर भी चर्चा की जाएगी साथ ही एक फरवरी को पेश किए गए बजट पर भी बहस होगी। हालांकि दोनों सदनों में पेगासस के मुद्दे पर हंगामे के भी आसार हैं।



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश में व्यापक बेरोजगारी व्याप्त है। युवा संकट में हैं क्योंकि बड़े कारखाने बंद हो रहे हैं, निवेश नहीं आ रहा है और सरकारी नौकरियों की संख्या घट रही है। खड़गे ने कहा कि आपने 2014 में आपने (भाजपा ने) हर साल 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था। आपको अब तक 15 करोड़ नौकरियां देनी चाहिए थीं। लेकिन आपने वास्तव में कितनी नौकरियां प्रदान कीं? इस साल के बजट में अगले 5 वर्षों में सिर्फ 60 लाख नौकरियों का वादा किया गया है। खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार में नौ लाख पद खाली हैं। रेलवे में लगभग 15% पद, रक्षा में 40% और गृह मामलों में 12% पद रिक्त हैं। आज शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 9% और ग्रामीण क्षेत्रों में 7.2% है। राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जानकारी देते हुए बताया कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद 439 आतंकवादी मारे गए। इस अवधि के दौरान 98 नागरिक और 109 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए और आतंक की 541 घटनाएं हुईं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यसभा को जानकारी देते हुए बताया कि भारत में आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित संगठनों की संख्या 42 है। यूएपीए की अनुसूची चार के तहत 31 व्यक्तियों को आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि यह एक पूंजीवादी बजट है जिसमें किसानों, मनरेगा श्रमिकों और एससी/एसटी और ओबीसी समुदायों को देने के लिए कुछ भी नहीं है।

यह बजट आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कोरोना प्रतिबंधों के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही का समय बदल दिया गया है। आज राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 10 बजे ही शुरू हो गई। इस दौरान सांसदों ने मलेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों की याद में मौन रखा और इसके बाद फिर चर्चा शुरू हुई। इसके अलावा आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर भी चर्चा की जाएगी साथ ही एक फरवरी को पेश किए गए बजट पर भी बहस होगी। हालांकि दोनों सदनों में पेगासस के मुद्दे पर हंगामे के भी आसार हैं।

### छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में यात्रियों से भरी बस पलटी, तीन लोग घायल

जशपुर। छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के दुलदुला इलाके के पास बुधवार सुबह एक भीषण बस दुर्घटना हुई। यात्रियों से भरी बस पलटने से तीन लोग घायल हो गए हैं। बता दें कि बस जशपुर हाईवे से होते हुए रांची जा रही थी। जब सुबह 5



बजे रायडीह पुल के पास यह बस दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि बस अनियंत्रित होकर पलटी है। इस भयानक बस दुर्घटना की जानकारी देते हुए जशपुर एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि यात्रियों से भरी बस पलटने के बाद सभी घायलों को तुरंत कुनकुरी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज होगा और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि बस दुर्घटना की पूरी जानकारी के लिए अभी इंतजार करें। बता दें कि रिपोर्टरों से मिली जानकारी के अनुसार, घायल लोगों में एक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। बाकी अन्य भर्ती लोगों का इलाज किया जा रहा है।

## बुआ-बबुआ ने यूपी को बनाया था बीमारू, अब डबल इंजन की सरकार से विकास को रफ्तार : अमित शाह

अलीगढ़। विधानसभा चुनाव में अतरौली से भाजपा प्रत्याशी प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाती संदीप सिंह के लिए सभा को संबोधित करने पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने सबसे पहले भारत माता की जय के साथ विजय संकल्प दिलाते हुए नारा लगवाया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जब वह अलीगढ़ आते हैं तो महेंद्र प्रताप को कैसे भूल सकते हैं, जिन्होंने शिक्षा के लिए जमीन दान दी। यह वही भूमि है जहां शहीद भगत सिंह शादीपुर गांव में रहे, यहाँ बलिदानियों की भूमि है। गोपालदास नीरज व हरिदास जी की भूमि है। अशोक सिंघल व कल्याण सिंह की कर्म भूमि है। हम भूल नहीं सकते हैं कि गुजरात से मुझे यहां प्रभारी बनाकर भेजा था, इतना बड़ा प्रदेश था पता नहीं क्या होगा, कैसे होगा। मैने बाबू जी से समय मांगा, बाबू जी के साथ भोजन किया। उन्होंने बेटे की तरह अंगुली पकड़कर सिखाया। बाबू जी ने बिना बांटे पिछड़ा समाज को उसका अधिकार दिया, एक समय आया कि सीएम की कुर्सी चाहिए या राम मंदिर चाहिए तो उन्होंने कुर्सी पसंद नहीं किया और इस्?तीफा दे दिया। उनके चेहरे पर खुशी का भाव था। बाबू जी की आत्मा को जरूर शांति मिलती होगी कि उनके रहते हुए पीएम ने निर्माण की नींव रखी। मै यहां की जनता से हाथ जोड़कर निवेदन करने




आया हूं कि पहले 2014 में फिर 2017 में सरकार बनाई, 2019 में फिर पीएम को बनाया। अब 2022 में फिर सीएम योगी को मुख्यमंत्री बनाना है। बुआ, भतीजा सपा बसपा प्रदेश का भला नहीं कर सकती। इन्होंने बीमारू प्रदेश बनाया, यहां अब डबल इंजन की सरकार है। अब गरीब के घर मे टॉयलेट है, हर घर मे बिजली है, क्या समाज वादी में हर घर मे बिजली आती। अगर बुआ बबुआ की सरकार होती तो क्या गरीब को सिकन्दर मिलता, आयुष्मान में क्या पांच लाख तक का लाभ मिलता अब घर मे लाइट, टॉयलेट व गरीब को घर मिल रहा है। यह पीएम व सीएम की मेहनत का फल है। कोरोना का टीका मुफ्त लगवाया, अखिलेश इसका विरोध करते थे, वह गुमराह करते थे, लेकिन, बाद में डरकर उन्होंने भी टीका लगवा लिया। अगर उनकी बात मानकर टीका नहीं लगवाते तो क्या तीसरी लहर में बच पाते। कोरोना आया तो गरीबों के सामने खाने के लाले थे, यह कमल का फूल नहीं है। महा लक्ष्मी कमल पर सवार होकर उनके घर आई है। पहले सपा बसपा की सरकार चलती थी, इन्हें राजा महेंद्र प्रताप के नाम यूनिवर्सिटी की याद आयी क्या। सीएम ने पीएम के हाथों इनकी नींव रखवाई। पहले अखिलेश व बसपा के सरकार में गुंडे बदमाश करते थे, पहले पुलिस गुंडे से डरती थी, अब पुलिस से गुंडे डरते थे, अब माफिया पलायन कर रहे हैं। अब गुंडे जेल में हैं या प्रदेश से बाहर। अब सपा की प्रत्यशियों की सूची में भी गुंडा दिखते हैं। अब तीन जगह गुंडे हैं बस। अगर सपा का राज लाये तो फिर माफिया राज आएगा। यह कल खार खाने बन्द हो जाएंगे, डिफेंस कारीडोर नहीं बनेगा, ऐसे में मजबूती से भाजपा को लाना है।

## भाजपा सांसद का आरोप, चीनी सेना ने किया अरुणाचल प्रदेश के लापता युवक को प्रताड़ित, दिए बिजली के झटके

नई दिल्ली। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा एक युवक का अपहरण कर लिया गया था। लेकिन इस मामले में हस्तक्षेप के बाद युवक को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने भारत को सौंप दिया। हालांकि अब इस मामले को लेकर अरुणाचल प्रदेश के भाजपा सांसद तापिर गाओ ने बड़ा दावा किया है। तापिर गाओ का आरोप है कि, उन्हें जानकारी मिली है कि, मिराम टैरान नाम के युवक को पीएलए ने पीटा और बिजली के झटके भी दिए। यह एक गंभीर मामला है। मैं सरकार से इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के सामने उठाने का आग्रह करता हूं। वहीं, इस मुद्दे को लेकर भाजपा सांसद का कहना है कि, इस तरह की घटनाएं तब तक होती रहेंगी, जब तक हम सीमा का समाधान नहीं कर लेते। कल वे फायरिंग भी करेंगे, इसलिए भारतीय सेना और चीनी पीएलए के बीच फ्लैग मीटिंग होनी चाहिए। ताकि इस समझौते के तहत भविष्य में इस तरह की घटना नहीं होनी हो सके। भारत सरकार, आईटीबीपी और सेना को इस मामले को देखना चाहिए। साथ ही उन्होंने, राज्य के तीन श्रमिकों को बीते दिनों अज्ञात संगठन द्वारा बंधक बनाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले से एक भूमिगत संगठन ने तीन मजदूरों का अपहरण कर लिया। इनमें से एक को रिहा कर दिया गया, लेकिन दो अभी भी कैद में हैं। मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि उन्हें रिहा करने के लिए इस मुद्दे से जल्द से जल्द निपटा जाए। बता दें कि, 18 जनवरी को चीनी सेना ने मिराम टैरान (17) का उस समय अपहरण कर लिया था, जब वह अपने दोस्त के साथ शिकार पर गया था। उसका दोस्त किसी तरह घटनास्थल से भाग निकला और उसने प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी। चीनी सेना ने अन्जॉ जिले के किबितू में वाचा-दमाई केंद्र में 27 जनवरी को मिराम को भारतीय सेना को सौंपा था, जहां वह आइसोलेशन में रहा था।



## केराकत के कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने फिर बांटा गरीबों में कंबल, कंबल पाकर गरीब हुए खुश

प्रखर केराकत जौनपुर। देवाकलपुर पेट्रोल पम्प के समीप रह रहे गरीबों परिवार को केराकत कोतवाल व उनके हमराही द्वारा चेकिंग के दौरान ठंड देखते हुए गरीब असहाय लोगों में कंबल वितरण का कार्य किया, देवाकलपुर पेट्रोल पम्प के समीप रह रहे गरीबों लक्ष्मण पर्वत द्वारा कंबल बांटे जाने से आमजन भी काफी खुश हैं, लोगों का कहना है कि कोतवाल ने सराहनीय कार्य किया है,और गरीब लोगों को कंबल मिलने से काफी ठंड से राहत मिलेगी,लोगों का कहना है कि ऐसे नेक कार्य हर अधिकारी को करना चाहिए,



परिवार को कोतवाल द्वारा कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए केराकत कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने कहा कि इस समय भीषण ठंड पड़ रही है,बहुत से गरीब लोगों के पास रात में ठंड से बचने के लिए कपड़े कम है, इसलिए गरीबों में कंबल बांटा गया है ताकि गरीब लोग इस भीषण ठंड की रात में कंबल ओढ़ कर अपना जीवन व्यतीत कर सके कोतवाल इस अवसर पर चौकी प्रभारी मुफ्तीगंज गोविंद देव मिश्रा हेड कांस्टेबल संतोष कुमार हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, कांस्टेबल विश्वास यादव,बाबूलाल राय, सी न्यूज केराकत तहसील प्रभारी प्रवीण कुमार, चंदन यादव,प्रखर पूर्वांचल केराकत तहसील पत्रकार अरविंद कुमार यादव, पंकज राय,तमाम लोग उपस्थित रहे।

## कार और रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर, पति-पत्नी की मौत, बेटा समेत दो घायल

प्रखर जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गौराडीहवा गांव के समीप से गुजरे बाईपास पर बुधवार को शाम हुई एक घटना में रोडवेज और कार की आमने-सामने भिड़ंत में कार में सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में बैठे अन्य दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी चोरसन्ड भिजवाया गया। भिड़ंत इतनी तेज थी कि कार सड़क से उछलकर डिवाइडर पर जा गिरी और चकनाचूर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ही लेन पर कार और रोडवेज की आमने सामने आने की वजह से यह घटना हुई।



जौनपुर शहर के बदलापुर पड़ाव निवासी सुरेंद्र मिश्र 64 पुत्र राम प्यारे मित्र अपनी पत्नी मीरा मिश्र 60, पुत्र कुश मिश्रा 26, पुत्र और अपने साले की पत्नी अर्चना उपाध्याय 55 पत्नी स्वर्गीय प्रमोद उपाध्याय निवासी बक्सा के साथ किसी कार्यवश आजमगढ़ की तरफ जा रहे थे। बाईपास पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से बैरियर लगा होने की वजह अपनी लेन छोड़ कर दूसरी लेन पर गाड़ी चला रहे थे। गौरा गांव के पास सामने से आ रही रोडवेज से उनके कार की भिड़ंत हो गई। घटना में गाड़ी चला रहे सुरेंद्र मिश्र और पीछे की सीट पर दाहिनी तरफ बैठी उनकी पत्नी मीरा मिश्र की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरी साइड में आगे की सीट पर बैठे कुश मिश्रा और उसकी मामी अर्चना उपाध्याय बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जबकि घटना में मृत लोगों के शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

## राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दी गई 167.29 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराकः केंद्र

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खिलाफ भारत के टीकाकरण अभियान के बीच, बुधवार सुबह 7 बजे तक उडश्क्क-19 टीकाकरण कवरेज की अनंतिम रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कोविड-19 टीकाकरण 167.29 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड-19 टीकों की 57 लाख से अधिक खुराक के प्रशासन के साथ यह आंकड़ा रिपोर्ट किया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया, 'आज सुबह 7 बजे तक, पिछले 24 घंटों में 57 लाख (57,42,659) वैक्सीन खुराक के प्रशासन के साथ, भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज 167.29 (1, 67,29,42,707) करोड़ हो गया है। आपको बता दें कि 1,83,99,537 सत्रों के बाद यह आंकड़ा हासिल किया गया है। कोरोना वायरस की तीसरी लहर के बीच टीकाकरण अभियान के साथ टेस्टिंग तेजी से की जा रही है। वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन तेजी से देश भर में फैल रहा है। मंत्रालय ने कहा, 'देश भर में परीक्षण क्षमता का विस्तार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 17,42,793 परीक्षण किए गए हैं। भारत ने अब तक 73.24 करोड़ (73,24,39,986) संचयी परीक्षण किए हैं।' मामलों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए, भारत में परीक्षण क्षमता को बढ़ाया गया है।

वर्तमान में, देश का साप्ताहिक सकारात्मकता दर 14.15 फीसद है और दैनिक सकारात्मकता दर 9.26 फीसद बताया गया है। मंत्रालय ने आज इस बात की सूचना दी कि पिछले 24 घंटों में वायरस से 2,81,109 मरीज ठीक हुए हैं, जिसमें महामारी के बाद से संचयी रोगियों के ठीक होने की संख्या अब 3,95,11,307 हो गई है, जिसके साथ भारत का रिकवरी रेट 94.91 फीसद हो गया है। पिछले 24 घंटों में 1,61,386 नए कोविड-19 मामले सामने आए हैं, जबकि वर्तमान में भारत के सक्रिय केसलोड बात की जाए तो 16,21,603 है।

## प्रियंका गांधी ने देवभूमि से भरी चुनावी हुंकार बोलीं- आपका पैसा बर्बाद कर रही भाजपा सरकार

देहरादून। उत्तराखंड चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों के दिग्गजों के महारथी प्रचार अभियान को धार दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तराखंड दौरे पर पहुंची। यहां उन्होंने दून में एक कार्यक्रम में पार्टी का घोषणापत्र 'उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र' जारी किया। अब वे 70 विधानसभा क्षेत्रों में वर्चुअल रैली को भी संबोधित किया। उन्होंने चारधाम (बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमनोत्री) को नमन कर अपने संबोधन की शुरूआत की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं। सिर्फ आपका पैसा बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में जिस तरह से सरकार काम कर रही है, उसे देखकर बेहद बुरा लगा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने परिवार को देहरादून और उत्तराखंड से जोड़ा। कहा मेरे पिता, चाचा, मैं, मेरा भाई और मेरे बच्चे देहरादून में पढ़े हैं। सरकार पर हमला बोलना शुरू किया। कहा, भाजपा की सरकार उत्तराखंड में कुछ नहीं कर रही है। उत्तराखंड की महिलाओं को कहा, मैं समझती हूं आपके ऊपर अतिरिक्त बोझ होता है। हरीश रावत बोले, उत्तराखंड में भाजपा सरकार ने कुछ नहीं दिया, दिए तो केवल तीन-तीन मुख्यमंत्री। प्रदेश में शिक्षा व स्वास्थ्य का ढांचा चरमराया हुआ है। इसलिए कांग्रेस ने हर



गांव हर द्वार स्वास्थ्य सुविधाएं देने का वादा किया है। प्रदेश के पांच लाख परिवारों को आर्थिक सहायता देंगे। देश में गरीब को और गरीब बना दिया और चंद उद्योगपतियों को अरबपति बना दिया। नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन चाहती है और इस बार कांग्रेस को मौका देगी। प्रीतम आगे बोले, कोरोनाकाल में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई। वर्तमान सरकार को खनन और शराब माफिया चला रहे है। कांग्रेस सत्ता में आते ही लोकायुक्त नियुक्त करेगी ताकि जनता के प्रति सरकार कि जवाबदही तय होगी। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भाजपा सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार जुमलेबाजी में माहिर है। सभी नेता जुमलेबाजी की यूनिवर्सिटी से पढ़कर निकल रहे हैं। उन्होंने अपील की कि कांग्रेस को वोट दीजिए हर घर एक व्यक्ति को रोजगार देंगे।

**पांच को उत्तराखंड आएंगे राहुल**- इसके बाद पांच फरवरी को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी उत्तराखंड आएंगे। उनकी सभा देहरादून अथवा हरिद्वार में से किसी एक स्थान पर कराई जाएगी। उसी स्थान से उस सभा का सजीव प्रसारण भी सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट देहरादून पहुंचे। उन्होंने राजपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया।

## बिना पुष्टि मृत्यु पूर्व दिए बयान के आधार पर हो सकती है दोषसिद्धि : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले को खारिज करते हुए कहा कि दोषसिद्धि बिना पुष्टि के केवल मृत्यु पूर्व दिए गए बयान के आधार पर हो सकती है। मामले में हाई कोर्ट ने आग लगाकर एक महिला को मार डालने के आरोपित उसके ससुर और देवर को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु से पहले के बयान पर भरोसा करते हुए, जो एक मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किया गया था, निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया, जिसने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जस्टिस एम.आर. शाह और जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए गए मृत्यु पूर्व बयान पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है, जिसमें महिला ने विशेष रूप से कहा था कि आरोपितों ने पैसे की मांग को लेकर विवाद के कारण उसे आग लगा दी। पीठ ने कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए गए मृत्यु पूर्व बयान पर भरोसा नहीं करने के लिए हाई कोर्ट द्वारा दिया गया तर्क उचित नहीं है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के मई, 2020 के आदेश को चुनौती



देने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की एक अपील पर फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर अदालत संतुष्ट है कि मृत्यु से पहले दिया गया बयान सही और स्वैच्छिक है तो वह बिना पुष्टि के उसे सजा का आधार बना सकती है। पुलिस के मुताबिक, घटना 20 दिसंबर, 2011 को मथुरा जिले में हुई थी और इसके बाद नौ जनवरी, 2012 को महिला की मौत हो गई थी।

## चिंतन मनन

## टैक्स में नाउम्मीदी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2022-23 पेश किया। करदाताओं को दो साल में अपने रिटर्न को अपडेट करने की अनुमति दी है। राज्य सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम में योगदान पर 14 फीसदी टैक्स छूट देने का फैसला किया है। आम बजट में न तो आयकर स्लैब्स बदली गई है और न ही कोई बड़ी छूट दी गई है। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए बुनियादी छूट की सीमा में आखिरी बार बदलाव 2014 में हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का पहला बजट पेश करते हुए तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने करमुक्त आय की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये किया था। वरिष्ठ नागरिकों के लिए करमुक्त आय की सीमा को बढ़ाकर 2.5 लाख से 3 लाख रुपए किया गया था। तब से करमुक्त आय की सीमा नहीं बढ़ी है। वित्त मंत्री सीतारमण ने 2020 में टैक्स जमा करने का नया विकल्प दिया था। इसमें उन लोगों के लिए टैक्स रेट्स को घटाया गया था, जो टैक्स में मिलने वाली छूट और राहत का लाभ नहीं उठाना चाहते। यह एक तरह से आयकर का सरलीकरण था। कमाई के हिसाब से टैक्स तय किया गया था। इसमें निवेश एवं अन्य आवश्यक खर्चों के तहत टैक्स में मिलने वाली छूट खत्म कर दी गई थी। इससे करदाताओं को दो विकल्प मिल गए। वे पुरानी व्यवस्था में रहकर छूट प्राप्त कर सकते हैं या नई व्यवस्था में बिना छूट के कर का भुगतान कर सकते हैं। दोनों ही विकल्पों में 2.5 लाख रुपए तक की आय करमुक्त है। 2.5 लाख से 5 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत कर लगता है। हालांकि, आयकर अधिनियम की 87ए के तहत 12,500 रुपए तक की छूट दी गई है। इसका मतलब है कि दोनों ही विकल्पों में 5 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं चुकाना पड़ता। नए विकल्प में 5 से 7.5 लाख रुपए पर 10 फीसदी और 7.5 लाख से 10 लाख रुपए की आय पर 15 फीसदी टैक्स है, जबकि पुराने विकल्प में 5 से 10 लाख रुपए की आय पर 20 फीसदी टैक्स लगता है। पुराने विकल्प में 10 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 फीसदी टैक्स लगता है। नई व्यवस्था में 10 से 12.5 लाख रुपए की आय पर 20 फीसदी और 12.5 लाख से 15 लाख रुपए पर 25 फीसदी टैक्स है। 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 फीसदी टैक्स लगता है। सेस और सरचार्ज की वजह से प्रभावी टैक्स रेट बढ़ जाता है। बजट में जो बड़ी घोषणा की गई है, वह दो साल में रिटर्न को अपडेट करने की अनुमति है। अगर किसी करदाता ने अपनी सालाना आय की घोषणा में कोई गलती की है तो वह इसे दो साल में सुधार सकता है। इसके लिए उसे अपना रिटर्न अपडेट करना होगा। इससे मुकदमेबाजी कम होगी। रिटर्न अपडेट करते हुए उन्हें आवश्यक कर का भुगतान करना होगा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम में योगदान पर 14 फीसदी तक की टैक्स राहत मिलती है, जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों को 10 प्रतिशत। इसमें बदलाव करते हुए राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी 14 फीसदी टैक्स राहत देने का फैसला किया है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह एनपीएस में योगदान पर टैक्स छूट मिलेगी। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर 15 फीसदी सरचार्ज लगाया जाएगा। इस समय यह सिर्फ लिस्टेड शेयर और म्यूचुअल फंड्स की यूनिट्स पर लगता था। अब यह सभी संपत्तियों पर लगेगा।

## हुए हैं बेलगाम !



चढ़ा सियासी पारा ।
हुए हैं बेलगाम ।।
है तिथि नजदीक ।
सीटें अपने नाम ।।
शब्दों का चयन ।
है अपनी रणनीति ।।
ले के रहेंगे सत्ता ।
है उससे ही प्रीति ।।
नए-नए विचारों का ।
जारी है प्रयोग ।।
प्रतिभा का हमारी ।
सही से उपयोग ।।
बाण हमारे पास जो ।
उसको है चलाना ।।
प्रतियोगिता है बड़ी ।
दुनिया को दिखाना ।।


-कृष्णेन्द्र राय

# प्रजातंत्र के स्तंभों में टकराव

अब एक बार फिर प्रजातंत्र के तीन स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच अधिकारों व सर्वोच्चता को लेकर संघर्ष की स्थिति निर्मित हो रही है, जबकि हमारे संविधान ने इन तीनों स्तंभों को अलग-अलग अधिकार व सीमाएं तय कर रही है, किंतु आज इन तीनों स्तंभों में सर्वोच्चता की स्पर्द्धा चल रही है और सब एक दूसरे को अपने अधीन बता रहा है। जबकि संविधान ने स्पष्ट हिदायत दी है कि प्रजातंत्र के तीनों स्तंभ अपनी-अपनी सीमा में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इस वर्ष जबकि हमारा देश अपने संविधान का तिहत्तरवां स्थापना दिवस मनाने जा रहा था, उसके ठीक एक दिन पहले माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं के सामने सरकारी खर्च पर परोसे जा रहे लोक लुभावन नारों व वादों को लेकर चिंता व्यक्त की तथा केन्द्र व चुनाव आयोग से इस सम्बंध में जवाब तलब किया, वैसे देखा जाए तो न्यायपालिका व चुनाव आयोग दोनों की स्वतंत्र संगठन है, जिन पर केन्द्र सरकार या विधायिका का कोई नियंत्रण नहीं होता, किंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस आम जनहित के मामले को स्वयं संज्ञान में लेते हुए केन्द्र व चुनाव आयोग को जवाब देने हेतु नोटिस जारी किए तथा एक महीनें में जवाब तलब किए है। अब चुनाव आयोग व केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय को इस नोटिस का क्या जवाब देते है? या देते भी है या नही यह तो भविष्य के गर्भ में है, फिलहाल तो केन्द्र व चुनाव आयोग यही तय करने में व्यस्त है कि इस नोटिस का जवाब देना ठीक रहेगा या नहीं?

वैसे पिछली कई बार केन्द्र पर यह आरोप लगाए जा चुके है कि वह अपनी सर्वोच्चता सिद्ध करने के लिए चुनाव आयोग को नियंत्रण में रखने का प्रयास करता रहा है, जिसका ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल का है, जहां वहां की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने केन्द्र सरकार पर चुनाव आयोग को नियंत्रण में रखने के गंभीर आरोप लगाए थे और इन आरोपों में कुछ अंशों तक सत्यता पाई भी गई थी, क्योंकि चुनाव आयोग ने वही किया जो केन्द्र चाहता था। अब यह संयोग था या वास्तविकता यह स्पष्ट नहीं हो पाया, किंतु इस गंभीर आरोप का देश का माकूल जवाब नही मिला यह सब जानते है।




अब ताजे घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वे नोटिस सामने आये है, जिनमें केन्द्र व चुनाव आयोग से पूछा गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान करीब-करीब सभी राजनीतिक दल सरकारी खर्च पर चुनावी वादे करते है और मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास करते है, उसके लिए चुनाव आयोग की केन्द्र सरकार क्या कदम उठाने जा रही है? और इस अहम सवाल के जवाब में केन्द्र व चुनाव आयोग दोनों मौन इसलिए है क्योंकि चुनाव आयोग पर केन्द्र का दबदवा है और केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ही सुप्रीम कोर्ट के सवाल का सबसे अहम सबब है, उत्तरप्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान जो कुछ चल रहा है, भाजपा व सपा दोनों ही जिस तरह के सरकारी खर्च वाले चुनावी वादे लिखित रूप से मतदाताओं के सामने परोस रहे हैं उन्हीं को लेकर यह अहम सवाल उठाया गया है, अब ऐसी स्थिति में केन्द्र व चुनाव आयोग क्या जवाब दे? किंतु यह सही है कि सुप्रीम कोर्ट ऐसे सवाल उठाकर अपने प्रति समर्थन जुटाने में अहम भूमिका निभा रही है। और.... इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को भारत का आम देशवासी अपना सबसे बड़ हित चिंतक मानने लगा है अब इसी कारण देश के आम मतदाता का न तो विधायिका (सरकार-संसद) पर भरोसा रहा और न ही कार्यपालिका पर, क्योंकि कार्यपालिका तो शुद्ध रूप से केन्द्र के ही अधीन है, वह वही करती आई है, जो केन्द्र सरकार चाहती है, और केन्द्र के निदेर्शों को मूर्तरूप देने में इसी अंग की अहम भूमिका भी है।

अब केन्द्र सरकार या विधायिका (संसद) की अधिकार लिप्सा इतनी अधिक बढ़ती जा रही है कि वह चुनाव आयोग जैसे स्वतंत्र संगठनों पर कब्जे के बाद देश की न्यायपालिका को भी अपने कब्जे में करना चाहता है, जिससे पूरे देश व स्वतंत्रता के तीनों प्रमुख अंगों पर उसका कब्जा रहे और वह निरंतर एकतंत्र की घातक रास्ते की ओर बढ़ता रहे? केन्द्र के इसी मंसूबे से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस तरह की चिंता व्यक्त कर अपनी आशंकाओं का केन्द्र व चुनाव आयोग से जवाब मांगा? साथ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने यह भी जोड़ा कि यह गंभीर मुद्दा है और ज्यादा चुनावी वादे करने वाले दल फायदे में रहते है और सभी को समान स्तर पर चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है।

आज देश में एक ओर जहां सुप्रीम कोर्ट केन्द्र व चुनाव आयोग के इस तालमेल से चिंतित है, वहीं दूसरी ओर देश में कानून व संविधान विशेषज्ञों द्वारा यह सवाल उठाया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर संसद में विचार-परिचर्चा व वाद-विवदा हो सकती है या नहीं? संविधान विशेषज्ञ उल्हास बापट ने यह सवाल उठाया है उनका कहना है कि भारत का संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है, इसमें समय के अनुरूप जनहित में संशोधन करने की अनुमति भी है, इसके सामने देश के सभी नागरिक समान है और सभी को समान अधिकार भी प्राप्त है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी कुछ प्रतिबंधों के साथ प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट की प्रासंगिकता का उदाहरण देते हुए श्री बापट का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की सेक्शन-377 (होमोसेक्स्यूलिटी) के प्रावधानों को गैर संवैधानिक करार दिया है इसके बावजूद आईपीसी में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर विचार करते हुए संसद को कानून में बदलाव करना चाहिये, लेकिन आज तक कोई संशोधन नहीं हुआ है, श्री बापट का कहना है कि यही एक नहीं ऐसे सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसले है जिन पर संसद को विचार कर संविधान में जरूरी संशोधन करने चाहिये थे, जो अब तक नहीं किये गए। इसी प्रकार केन्द्र सरकार को यूनिफार्म सिविल कोड की ओर बढ़ना चाहिये था, किंतु यह मामला अभी भी सिर्व व सिर्फ बयानबाजी तक ही सीमित है?

यहाँ एक सवाल आरक्षण के बढ़ते प्रतिशत की ओर भी उठाया जा रहा है केन्द्र सरकार अपनी दलीय राजनीति के तहत् आरक्षण का प्रतिशत दिनोंदिन बढ़ाये जा रही है, जबकि देश के कानूनविदों की राय है कि देश में आरक्षण पचास फीसदी से अधिक कतई नहीं होना चाहिए।

इस प्रकार कुल मिलाकर कई ऐसे विवादित मामले है जिन पर प्रजातंत्र के तीनों अंग विशेषकर विधायिका व न्यायपालिका मिल बैठकर फैसला ले सकते है, किंतु ऐसा हो नही पा रहा है और सभी सुप्रीमैसी के अंग बने हुए है? क्या यह देशहित में है? सभी को मिल बैठकर इस पर गंभीर चिंतन करना चाहिये।

# खेती को सिर्फ पैसे से न जोड़े, बल्कि आहार भी मानें...

भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि न केवल हमारी आर्थिक उन्नति की राह को सुगम बनाती है बल्कि यह हमारी सामाजिक व आध्यात्मिक उन्नति का भी साधन है। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में मानव के बढ़ते लालच ने कृषि में विष घोल दिया है। एक समय था जब हरित क्रांति के दौर में कृषि रसायनों ने चार चांद लगा दिए थे। लेकिन मानव की बढ़ती महत्वाकांक्षा व सीमित भूमि में अधिक उत्पादन के लालच के चलते रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग शुरू कर दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि आज वातावरण प्रदूषित हो चला है। मानव ने मिट्टी, जल यहां तक की हवा को भी जहरीला बना दिया है। रसायनों के बढ़ते प्रयोग से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से न केवल मानव जीवन प्रभावित हुआ है। बल्कि पशु-पक्षी और जलीय जीव-जंतुओं का जीवन भी संकट के दौर से गुजर रहा है। उल्लेखनीय हो कि जो फल व सब्जी एक समय सेहत का खजाना मानी जाती है। आज उनमें जहर घुल गया है। कैमिकल के बढ़ते प्रयोग से न केवल हमारी वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ी भी बीमारियों की चपेट में आ गई है। आज बड़े पैमाने पर डीडीटी, एल्ड्रिन, मेलाथियान जैसे कीटनाशक फसलों के कीड़े मारने के लिए उपयोग किए जा रहे है। जिससे पक्षियों की कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। इतना ही नहीं मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने वाले जीव भी इन खतरनाक रसायनों की चपेट में आकर नष्ट हो गए है। एक अध्ययन की बात करें तो उससे यह पता चला है कि कीटनाशक के अत्यधिक प्रयोग से कैंसर का खतरा बढ़ गया है। यहां तक कि हमारे हार्मोन, प्रोटीन सेल व डीएनए को क्षति पहुंच रही है। जिससे असमय थकान, संक्रमण बीमारियों का खतरा, उम्र से पहले बुढ़ापे जैसी समस्या भी बढ़ गई है।

भारत में कीटनाशक और रसायनों के बेजा इस्तेमाल के कारण नेपाल ने हमारे फलों व सब्जियों पर रोक तक लगा दी थी। यह वाकया तो आप सभी को याद होगा ही। इसके अलावा दिल्ली हाईकोर्ट ने भी सब्जियों में कीटनाशक के प्रयोग से सम्बंधित जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा था कि फलों को पकाने के लिए कीटनाशक व रसायनों का प्रयोग उपभोक्ता को जहर देने के समान है। आज भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा कीटनाशक उत्पादक देश है। वहीं हमारे देश में आज भी बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित कीटनाशकों का भी धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। आंकड़ों की मानें तो हमारे देश में 2019- 2020 में देश में 60,599 टन कैमिकल पेस्टिसाइज का छिड़काव किया गया। जिनमें महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, हरियाणा व पंजाब में सर्वाधिक रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है। एक समय था जब खेती को लेकर यह कहावत कही गई थी कि 'उत्तम खेती मध्यम बान। अधम चाकरी भीख निदान...' पर आज के वर्तमान दौर में हमारे युवा खेती से विमुख हो रहे है। खेती को लाभ का



सौदा बनाने के लिए किसान ने खेती में जहर घोल दिया है। लेकिन दुर्भाग्य देखिए कृषि विशेषज्ञ, पर्यावरणविद यहां तक कि सरकार भी इसे रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है।

आज देश के छोटे किसानों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। देश में 86 प्रतिशत किसान छोटे व माध्यम श्रेणी के है। जिन्हें सरकार द्वारा उवर्रक सब्सिडी का लाभ तक नहीं मिल पाता है। किसान कर्ज के बोझ तले दब जाता है। पर हमारी रहनुमाई व्यवस्था को भला कहाँ किसान की दिशा और दशा से फर्क पड़ने वाला है। उन्हें तो हर मुद्दे पर सिर्फ राजनीति ही करनी है। यही वजह है कि समय समय पर किसान आंदोलनों के नाम पर तमाम राजनेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने से बाज नहीं आते है। हमारे देश मे खेती को सदैव पूजनीय माना है। यहां तक कि हमारे वेदों पुराणों में भी खेती का जिक्र मिलता है। त्रेता युग में मिथिला के महाराज जनक के द्वारा खेत में हल चलाने की बात कही गई है। तो वही द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम भी हल धारण कर हलधर कहलाये। आज भी किसान बलराम को खेती के आराध्य देव के रूप में पूजते है। ये सच है कि कृषि सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला साधन है। यहां तक कि हमारे देश के कई बड़े कारखाने कृषि उत्पाद पर आधारित है। आज भले ही कृषि की जमीन बढ़ते शहरीकरण से कम हो रही है। लेकिन इसका यह मतलब तो कतई नहीं कि अंधाधुंध कैमिकल का प्रयोग कर फसल की पैदावार बढ़ाई जाए। आज विश्व में जलवायु परिवर्तन का दौर चल रहा है। बढ़ते प्रदूषण ने न केवल हमारे वर्तमान को बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी संकट में डाल दिया है। हमारा देश विविधताओं से भरा है। यहां न केवल प्रकृति और जैव विविधता मौजूद है। बल्कि समाज में जाति धर्म में विविधता विद्यमान है। एक और समाज का एक बड़ा तबका विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। यहां तक कि उनके पालतू जानवर भी वीआईपी जीवन जी रहे है तो दूसरी तरफ एक तबका दो जून की रोटी को तरस रहा है। अमीरी गरीबी की खाई दिन दूनी बढ़ती चली जा रही है।

ऐसे में प्रेम चंद ने जब 'पूस की रात' कहानी लिखी होगी तो उनके मन में यही भाव चल रहे होंगे। कहनी में एक समय जब हल्कू अपने कुत्ते से कहता है कि क्यों जबरा जाड़ा लगता है? कहा तो था कि घर में पुआल पर लेट , तो यहां क्या लेने आया...? यह खेती का मजा है! और भगवान ऐसे पड़े है, जिनके पास जाड़ा जाए तो गर्मी से घबराकर भागे...मंजूरी हम करें मजा दूसरा लुटे" यह समस्या हल्कू की नहीं बल्कि वर्तमान दौर के किसानों की भी है। जो वर्तमान दौर में समस्याओं से जूझ रहे है। कहने को हम कृषि प्रधान देश है, लेकिन आज भी हमारे देश में लोग भूख से मर रहे हैं और अधिक पैदावार के लिए किसान कैमिकल का जबरदस्त प्रयोग इसलिए भी कर रहें हैं ताकि उन्हें कुछ मुनाफा हो सके।

## मुबारक हो!



नन्ही परी की किलकारी से, घर आंगन हुआ गुलजार। प्यार की कोई सीमा नहीं, सबने लुटाया अपना प्यार ।।भाग्य लक्ष्मी कहकर किसी ने,बच्ची को पुचकारा। नित नवल स्वप्न में सबने अपने ,मिलकर उसे उतारा।।खुद के सपनों को पंख लगाने,अपना परचम लहराने आई।घर परिवार समाज राष्ट्र का, सचमुच मान बढ़ाने आई।। मयार्दा के आंचल में बच्ची, पलेगी और बढ़ेगी। पढ लिखकर ऊंची उड़ान के सपने रोज गढ़ेगी।। भविष्य में खुद लिखे इबारत,सरस न कोई शरारत हो।

नन्ही सी प्यारी बिटिया का ,
सुखद अहसास मुबारक हो।।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# यूपीए की सोनिया सरकार की तुलना में 137 प्रतिशत अधिक की मजबूत अर्थव्यवस्था का बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज वित्तीय वर्ष 2022-23 का 39.44 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया है। आज से 9 वर्ष पूर्व अपने 10 वर्षीय शासनकाल के अंतिम वित्तीय वर्ष 2013-14 में कांग्रेसी यूपीए द्वारा 16.65 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया था। अर्थात अपने शासनकाल के नौवें वर्ष में मोदी सरकार यूपीए सरकार की तुलना में उससे 22.79 लाख करोड़ रु (137प्रतिशत) अधिक खर्च करने जा रही है।

आज के बजट का यह पहला तमाचा है जो मोदी विरोधी कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष और उनके चाटुकार भारत विरोधी वामपंथी लुटियन वामपंथीयों के गाल पर लगा है । ये लोग छाती पीट पीट कर रातदिन यह विलाप करते थे कि मोदी ने ये बेच दिया ,मोदी ने वो बेच दिया ,देश का आर्थिक पतन कर दिया मोदी ने इस देश की अर्थव्यवस्था को तबाह बरबाद दीवालिया कंगाल कर दिया । अब जनता इनसे पूछेगी कि अगर तुम सच्चे थे तो बताओ कांग्रेसी यूपीए शासनकाल की तुलना में मोदी सरकार को 22.79 लाख करोड़ रुपये अधिक खर्च करने के लिए कहाँ से मिले ?

**कृषि क्षेत्र में यूपीए की सोनिया सरकार के 5 बजटों के बराबर का यह अकेला एक बजट-** कांग्रेसी यूपीए के अपने अंतिम 5 वर्षीय शासनकाल (2009-14) के दौरान प्रस्तुत 5 बजटों में कुल मिलाकर 1.14 लाख करोड़ रुपए कृषि मंत्रालय को दिए थे। जबकि केवल इस एक वर्ष के बजट में ही मोदी सरकार ने 1.24 लाख करोड़ रुपए कृषि मंत्रालय को दिए हैं।

**यूपीए की सोनिया सरकार के 3 रक्षा बजटों के बराबर यह एक रक्षा बजट-** कांग्रेसी यूपीए के अपने अंतिम 3 वर्षीय शासनकाल (2011-14) के दौरान प्रस्तुत 3 बजटों में कुल मिलाकर 5.61 लाख करोड़ रुपए रक्षा मंत्रालय को दिए थे। जबकि केवल इस एक वर्ष के बजट में ही मोदी सरकार ने 5.25 लाख करोड़ रुपए रक्षा मंत्रालय को दिए हैं।



**यूपीए की सोनिया सरकार के बजट की तुलना में स्वास्थ्य क्षेत्र में 133प्रतिशत राशि अधिक-** अपने शासनकाल के अंतिम वित्तीय वर्ष 2013-14 में कांग्रेसी यूपीए की सरकार ने स्वास्थ्य मंत्रालय को 37.33 हजार करोड़ रुपये दिए थे। जबकि इस एक वर्ष के बजट में ही मोदी सरकार ने 86.60 हजार करोड़ (133प्रतिशत) अधिक रुपए स्वास्थ्य मंत्रालय को दिए हैं। ऐसे तथ्यों की सूची बहुत लंबी है जो यह बताती है कि यूपीए शासनकाल की तुलना में कितना मोदी सरकार कितना अधिक धन अपने देश और नागरिकों पर खर्च कर रही है।

अंत मे उस आलोचना का उल्लेख आवश्यक है जिसका ढोल बजट भाषण की समाप्ति के साथ ही NDTV के नेतृत्व में न्यूजचैनलों पर एवम सरकारी कर्मचारियों के बीच पीटा जाने लगा है कि इस बजट में इनकम टैक्स की सीमा नहीं बढ़ायी गयी है। इस आलोचना का सच यह है कि यदि यह सीमा 50,000 और बढ़ाकर 5.5 लाख कर दी जाती तो अधिकतम 10 हजार की और छूट मिल जाती। लेकिन इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि आम आदमी पर बोझ डालने वाला किसी भी प्रकार का कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है, ना पुराने किसी टैक्स की दर को बढ़ाया गया है। वो भी तब जबकि देश नहीं पूरी दुनिया की कमर तोड़ देने वाली भयानक महामारी के जानलेवा संकट की 2 साल गहरी अंधेरी खाई से देश को निकालने की चुनोती, सीमा पर चीन पाकिस्तान की खेमे बन्दी की चुनोती ,भारत के अंदर छात्रों , किसान, मुस्लिम, वर्ग के बीच अफवाहें फैलाकर किये जा रहे अशांति के प्रयासों की चुनोती से सरकार निरन्तर जूझ रही हो । आशा है कि नए भारत के एक सजग नागरिक होने के नाते स्वयम के हित की जगह राष्ट्र हित की दृष्टि से भी विचार होगा ।

# इन आसान टिप्स को अपनाकर अपनी आईलैशेज को बना सकते है घना



अंडे का इस्तेमाल आपने कई बार अपने बालों पर बतौर हेयर पैक इस्तेमाल किया होगा। अब आप इसे अपनी लैशेज पर लगाएं। अंडे में प्रोटीन की मात्रा काफी अधिक होती है। साथ ही अंडे में बायोटिन और विटामिन बी भी होता है, जो आईलैशेज के टेक्सचर को बेहतर बनाने में मददगार है।

जब बातों की आंखों की खूबसूरती की होती है तो उसमें आइलैशेज का एक अहम स्थान होता है। कई बार महिलाएं आईमेकअप करते हुए भले ही आईशैडो, लाइनर यहां तक कि काजल का स्टेप भी भले ही मिस कर दें, लेकिन आईलैशेज पर मस्कारा लगाना कभी भी नहीं भूलतीं। यह उनकी आंखों को एक खूबसूरत लुक देता है। वैसे तो आईलैशेज को खूबसूरत व घना बनाने के लिए मार्केट में नकली आईलैशेज से लेकर कई तरह के मस्कारा मौजूद हैं, लेकिन नेचुरल थिक आईलैशेज की बात ही अलग है। अगर आपकी लैशेज उतनी लंबी या घनी नहीं है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। इन आसान टिप्स को अपनाकर आप बेहद आसानी से अपनी आईलैशेज को घना बना सकती हैं-

कैस्टर ऑयल

इस नुस्खे को इस्तेमाल करने वाले बताते हैं कि कैस्टर ऑयल ना सिर्फ आईलैश को नरिशमेंट देता है, बल्कि उनकी ग्रोथ में भी मददगार होता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप सोने से पहले एक कॉटन बड की मदद से अपनी लैशेज पर कैस्टर ऑयल लगाएं। रातभर के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अगली सुबह आप अपने चेहरे को धोते समय लैशेज को भी साफ कर सकती हैं। इसके लगातार इस्तेमाल से आपको कुछ ही दिनों में रिजल्ट नजर आने लगेगा।

एलोवेरा

एलोवेरा ना सिर्फ लैशेज को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसे मॉइश्चराइज भी करता है। इतना ही नहीं, इसमें कई तरह के विटामिन्स व अन्य पोषक तत्व होते हैं। इसे लैशेज पर अप्लाई करने के लिए आप किसी पुरानी मस्कारा की छड़ी की मदद ले सकती हैं। आप पहले इस छड़ी को अच्छी तरह क्लीन कर लें। अब आप इसकी मदद से लैशेज पर एलोवेरा लगाएं और रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अगली सुबह इसे वॉश कर लें।

अंडा

अंडे का इस्तेमाल आपने कई बार अपने बालों पर बतौर हेयर पैक इस्तेमाल किया होगा। अब आप इसे अपनी लैशेज पर लगाएं। अंडे में प्रोटीन की मात्रा काफी अधिक होती है। साथ ही अंडे में बायोटिन और विटामिन बी भी होता है, जो आईलैशेज के टेक्सचर को बेहतर बनाने में मददगार है। इसके इस्तेमाल के लिए आप पहले एक अंडा लेकर उसे अच्छी तरह फेंटे। फेंटे हुए अंडे का कुछ हिस्सा लेकर उसमें एक चम्मच ग्लिसरीन मिक्स करें। अब एक कॉटन स्वैब की मदद से मिश्रण को अपनी लैशेज पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिरी में ठंडे पानी से इसे क्लीन करें। आप हर एक दिन छोड़कर यह

# धूम्रपान छोड़ना नहीं है मुश्किल, इन आसान तरीकों को अपनाकर छोड़ सकेंगे सिगरेट!

धूम्रपान से छुटकारा दिलवाने के लिए मुलेठी को भी कारगार माना गया है। इस इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर लोगों का मानना है कि इसका सेवन करने से धूम्रपान की इच्छा को खत्म करने में मदद मिलती है। मुलेठी का हल्का मीठा स्वाद इसकी इच्छा को खत्म कर सकता है।

यूं तो हम अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। ऐसे में अपने लाइफस्टाइल में खानपान से लेकर रहन-सहन तक का पूरा ख्याल रखते हैं जिससे हमें किसी तरह की कोई बीमारी न हो। हालांकि, हम में से कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनकी लाइफस्टाइल भले ही हेल्थी है लेकिन वो धूम्रपान यानी स्मोकिंग की लत से छुटकारा पाने में असफल रहते हैं। ये जानते हुए भी कि धूम्रपान उनकी सेहत के लिए कितना घातक साबित हो सकता है, वो इससे मुक्त नहीं हो पा रहे हैं।

अगर आप भी इन्हीं में से एक हैं जो धूम्रपान करना छोड़ना तो चाहते हैं लेकिन डर है कि कहीं धूम्रपान छोड़ने से आपको वजन बढ़ना, नींद न आना, कमजोरी आना, भूख, गुस्सा, तनाव होना और किसी कार्य में ध्यान न लगना या फिर बैचेनी महसूस होने जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। तो आपको बता दें कि चिकित्सकों के अनुसार धूम्रपान छोड़ने की प्रक्रिया थोड़ी लंबी होती है और इस दौरान इस तरह की समस्या होना आम बात है, इसलिए आपको एकदम की बजाए धीरे-धीरे सिगरेट छोड़ने की सलाह दी जाती है। आज हम आपको 4 ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप सिगरेट पीना छोड़ सकते हैं, आइए जानते हैं...

योगासन

रोजाना सुबह की शुरूआत अगर हेल्दी तरह से की जाए तो पूरा दिन काफी अच्छा बित सकता है। इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स भी हमेशा ये ही राय देते हैं कि सुबह के समय व्यायाम या योग जरूर करना चाहिए। इससे न केवल आप स्वस्थ रहते हैं बल्कि आप ऊजार्वान भी रहते हैं। अगर आप धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं तो बालासन, सेतुबंधासन, भुजंगासन और सर्वांगसन जैसे




योगासन को कर सकते हैं। इन योग से आपको फायदा हो सकता है।

नींबू पानी

स्वस्थ रहने और धूम्रपान छोड़ने के लिए सिर्फ योगासन ही जरूरी नहीं है, इसके लिए आपको अपने दिन की शुरूआत हेल्दी ड्रिंक्स से करनी चाहिए। ऐसे में नींबू पानी का सेवन करना एक अच्छा विकल्प माना जाता है। गुनगुने पानी में एक नींबू का रस मिलाकर सेवन करने से शरीर को कई तरह के लाभ होते हैं। साथ ही धूम्रपान से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं। नींबू में मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत बनाएं रखने में मदद करता है।

# घर में रखी है टी पार्टी तो मेहमानों को खिलाएं सोया चिली



पहले सोयाबीन चंक्स को गरम पानी में डालकर 2-3 मिनट के लिए उबलने दें। फिर गैस बंद करके ठंडे पानी से धोएं और निचोड़ लें। अब इसमें कॉर्न फ्लोर, लालमिर्च पाउडर, अदरक-लहसुन का पेस्ट और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

सोया चिली अक्सर आपने होटल में खाई होगी और उसका स्वाद भी लाजवाब लगता है। मगर क्या आप जानती है होटल जैसी स्वादिष्ट सोया चिली आप आसानी से घर पर भी बना सकती है। यदि आपने घर पर टी पार्टी रखी है, तो मेहमानों को खिलाएं सोया चिली हर कोई पूछेगा रेसिपी।

इसे भी पढ़ें: केले और नारियल की मदद से यूं तैयार करें इडली

सामग्री

एक प्याज- चार टुकड़ों में काटकर इसकी एक-एक परत निकालें

एक शिमला मिर्च- बड़े टुकड़ों में कटी हुई

आधा लाल शिमला मिर्च- बड़े टुकड़ों में कटी हुई

आधी पीली शिमला मिर्च- बड़े टुकड़ों में कटी हुई

2-3 हरी मिर्च- बारीक कटी हुई

2 टेबलस्पून- विनेगर

2 टेबलस्पून- टोमैटो केचप (स्वादानुसार आप इसकी मात्रा कम ज्यादा कर सकते हैं)

एक टेबलस्पून- सोया सॉस

स्वादानुसार- नमक

एक टेबलस्पून- चीनी

चुटकीभर- अजीनोमोटो

आधा छोटी चम्मच- कालीमिर्च पाउडर

आधी छोटी चम्मच- कश्मीरी लालमिर्च पाउडर

मैरिनेशन के लिए

सोयाबीन चंक्स/ सोया चंक्स झ 100-150 ग्राम

एक टेबलस्पून- अदरक-लहसुन का पेस्ट

एक टेबलस्पून- लालमिर्च पाउडर

3 टेबलस्पून- कॉर्न फ्लोर

3 टेबलस्पून- तेल

इसे भी पढ़ें: कुछ हल्का खाने का मन हो तो बनाएं कॉर्न पुलाव

विधि

पहले सोयाबीन चंक्स को गरम पानी में डालकर 2-3 मिनट के लिए उबलने दें। फिर गैस बंद करके ठंडे पानी से धोएं और निचोड़ लें। अब इसमें कॉर्न फ्लोर, लालमिर्च पाउडर, अदरक-लहसुन का पेस्ट और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसमें थोड़ा तेल मिलाकर मेरिनेट होने के लिए साइड में रख दें। थोड़ी देर बाद फ्राइंग पैन में तेल गरम करके उसमें सोया चंक्स थोड़ा-थोड़ा डालकर फ्राई करें, इसे हल्का ही फ्राई करें, सिर्फ गोल्डन ब्राउन करके निकाल लें। अब बचे हुए तेल में प्याज डालकर भूने, फिर इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें। फिर हरी शिमला मिर्च, लाल शिमला मिर्च, पीली शिमला मिर्च और हरी मिर्च डालकर चलाएं। फिर उसके बाद एक छोटी चम्मच चीनी और चुटकीभर अजीनोमोटो डालकर मिक्स करें। फिर सारे सॉस डालकर 5 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। इसके बाद इसमें फ्राई किए हुए सोया चंक्स डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। थोड़ी देर धीमी आंच पर पकाएं और हरी प्याज से गार्निश करके सर्व करें।

# वर्चुअल पुस्तक मेले पर चर्चा (व्यंग्य)

**पिछले बारह साल से मैं भी वहां जाने की तलब में रहा जान पहचान के वरिष्ठ लेखकों ने कई बार कहा भी, लेकिन दिल्ली वर्चुअली दूर ही रही। कई साल से देख रहा हूँ किसी की भी पहली पुस्तक ही वहां मशहूर हाथों से रिलीज हो रही है। अनुभवी लेखक की तीसवीं पुस्तक तो वहीँ होनी होती थी। कहीं पढ़ा था।**

पिछले बारह साल से मैं भी वहां जाने की तलब में रहा जान पहचान के वरिष्ठ लेखकों ने कई बार कहा भी, लेकिन दिल्ली वर्चुअली दूर ही रही। कई साल से देख रहा हूँ किसी की भी पहली पुस्तक ही वहां मशहूर हाथों से रिलीज हो रही है। अनुभवी लेखक की तीसवीं पुस्तक तो वहीँ होनी होती थी।

लेखकों, किताबों व प्रकाशकों का मेला वास्तव में वर्चुअली संपन्न हो गया। जो पाठक, लेखक और प्रकाशक अपनी असली हैसियत के आधार शामिल हो सकते थे, हुए। सरकारी कला साहित्य संस्कृति अकादमियों ने अपना काम पहले से ही वर्चुअली चला रखा है। कार्यक्रम में नकली तालियां बजवा देते तो लगता बहुत से लोगों में लेखक हो जाने की तमन्नाएं जवां हो चली है। फेसबुक, व्हाट्सेप, अखबार और अन्य मंचों पर चिर परिचित और अतिअपरिचित व्यक्तियों, लेखकों और साहित्यकारों की लाखों रचनाएं वर्चुअल देखकर वर्चुअली मजा आ रहा था जिसे इस मेले से राष्ट्रीय विस्तार मिला । पहले लग रहा था जैसे देश के प्रतिष्ठित कर्णधारों द्वारा किए जा रहे भीड़ मेलों से प्रेरित हो इस बार मेला शारीरिक दूरी को सामाजिक दूरी कहते और समझते हुए सशरीर आयोजित किया जाएगा।

पिछले बारह साल से मैं भी वहां जाने की तलब में रहा जान पहचान के वरिष्ठ लेखकों ने कई बार कहा भी, लेकिन दिल्ली वर्चुअली दूर ही रही। कई साल से देख रहा हूँ किसी की भी पहली पुस्तक ही वहां मशहूर हाथों से रिलीज हो रही है। अनुभवी लेखक की तीसवीं पुस्तक तो वहीँ होनी होती थी। कहीं पढ़ा था, विचारोतेजक, प्रखर लेखन से समाज में परिवर्तन आता है तो दर्जनों के हिसाब से पुस्तकें लिखने वालों ने काफी ज्यादा बदलाव ला दिया होगा। ऐसे में क्रान्ति की चाहत रखने वाले आम व्यक्ति के मन में भी लेखन का कीड़ा घुस जाता होगा लेकिन इस बार वह एक अच्छा, महंगा सा पैन खरीदने का निश्चय नहीं करेगा। उसे वर्चुअली लगेगा कि किताबें छपती ज्यादा हैं और पढी कम। कई लोग चुटकी ले रहे होंगे कि फलां लेखक का अमुक यशस्वी लेखक के साथ या प्रसिद्ध प्रकाशक के स्टाल पर फोटो खिंचवाना इस बार रह गया। सिर्फ लेखक होने, बनने या दिखने के लिए भी नहीं जा सके, दूसरों के लड्डू और बर्फी, फेस्बुकिया या व्हत्सेपिया मित्र लेखक भी मिलने से रह गए। ताजा सुन्दर किताबें, स्थापित चेहरे और व्यवसायिक लेखकों के साथ फोटो व सेल्फियां कम खिंचने पर उदासी रही होगी। यह तो हमारी साहित्यिक परम्परा है कि किताब या लेखक से मिलकर हम सोचते है कि काश हम भी लेखक होते, इस बार ऐसे सैंकड़ों ख़्वाब टूट गए। कुछ लेखक वहां पहुंचकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखक, विमोचक या मुख्यमंत्री या फिर राज्यपाल के प्रसिद्ध हाथों से पुस्तक का विमोचित पैकट खुलवाने की तुलना न कर सके। वैसे इस बार भी किसी भी मुख्यमंत्री के हाथों विमोचित होने से किताब ज्यादा खुश हो सकती है क्योंकि वहां आजकल भी सब एक्कुली संभव है। वैसे पुस्तक लिखना, छपवाना और विमोचन करवाना आसान है लेकिन पाठक, मित्रों या सरकार को बेचना मुश्किल है। लगता था वहां सभी एक दूसरे से असली प्यार से, असली गले मिलकर असली खुश होते हैं। छोटे शहर की साहित्यिक दुनिया की तरह लेखक, वहां बड़े खेमों में बंटे नहीं होते लेकिन इस बार सभी को उन्हीं पुराने खेमों में घुसना होगा या अपने घर के तंबू में रहना होगा। उनमें ईर्ष्या, एक दूसरे को खारिज करने जैसी कुभावनाएं भी उगने से बच गई। कई बार किताबें भी एक दूसरे को देखकर नाराज हो जाती थी इस बार वो भी नहीं हुआ। कुल मिलाकर अच्छा ही रहा, मेला वर्चुअली संपन्न हो गया, कई तरह के गलत कीटाणु एक से दूसरे के दिमाग में प्रवेश करने से रह गए।



# गंगा में प्लास्टिक प्रदूषण के अध्ययन के लिए मॉडल विकसित कर रहे हैं वैज्ञानिक

इस अध्ययन के दौरान पूरे देश में गंगा के किनारों पर बसे शहरों एवं कस्बों के नगरपालिका कचरे से नदी में प्रवाहित होने वाले प्लास्टिक की मात्रा का आकलन किया है, और भूमि से नदी तक प्लास्टिक कचरे के रिसाव से बचने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लेकर संभावित समाधान पेश किए हैं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर, इसाबेल फाउंडेशन, ढाका यूनिवर्सिटी, भारतीय वन्यजीव संस्थान, और वाइल्ड टीम, बांग्लादेश के महिला वैज्ञानिकों एवं शोध छात्र गंगा नदी में प्लास्टिक प्रदूषण के स्तर का आकलन करने के लिए एक विशिष्ट मॉडल विकसित कर रहे हैं।

अध्ययनकताओं का कहना है कि यह मॉडल फील्ड डेटा पर आधारित है, जो भूमि से नदी और अंततः समुद्र में प्रवाहित होने वाले प्लास्टिक कचरे का बेहतर अनुमान लगाने में प्रभावी हो सकता है।

यह अध्ययन, गंगा नदी में प्लास्टिक प्रदूषण के स्तर का आकलन करने के लिए नेशनल जिओग्रैफिक सोसाइटी द्वारा वर्ष २०१९ में शुरू किए गए एक अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य गंगा नदी मे प्लास्टिक कचरे की चुनौती से निपटने के लिए समग्र एवं समावेशी समाधान तलाशना है।




इस अध्ययन के दौरान पूरे देश में गंगा के किनारों पर बसे शहरों एवं कस्बों के नगरपालिका कचरे से नदी में प्रवाहित होने वाले प्लास्टिक की मात्रा का आकलन किया है, और भूमि से नदी तक प्लास्टिक कचरे के रिसाव से बचने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लेकर संभावित समाधान पेश किए हैं।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर ब्रजेश दुबे ने बताया कि ह्यहमने ऋषिकेश से लेकर हावड़ा तक गंगा के किनारों के साथ-साथ नदी के तट पर बसे विभिन्न शहरों एवं कस्बों के कूड़ाघरों से प्लास्टिक के नमूने प्राप्त किए हैं। इस तरह, प्लास्टिक रूपों के साथ-साथ नदी में प्रवाहित होने वाले कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे आकलन किया गया है।

आईआईटी, खड़गपुर के शोधकताओं ने इस दौरान कचरा प्रबंधन से संबंधित पद्धतियों पर केंद्रित फोटोग्राफिक सर्वेक्षण भी किया है। इसके साथ-साथ स्थानीय प्रशासन के साथ की गई चचाओं के आधार पर संभावित प्रभावी समाधान तलाशने की पहल भी की गई है।



## पर्सनालिटी ऑफ द इयर के अवॉर्ड से नवाजा गया ...

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान के देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में कई दीवाने हैं। इंडिया या फिर अमेरिका सलमान के फैंस हर जगह मौजूद हैं। सलमान सउदी अरब में थे। सलमान सउदी अरब के जनरल एंटरटेनमेंट अथॉरिटी के अवॉर्ड शो-जॉय अवॉर्ड्स 2022 को अटैंड करने पहुंचे थे। इस अवॉर्ड शो में भाईजान को पर्सनालिटी ऑफ द इयर के अवॉर्ड के साथ नवाजा गया। सोशल मीडिया पर खुद सुल्तान ने अपने इस अचीवमेंट की एक तस्वीर शेयर करते हुए इस अवॉर्ड के लिए धन्यवाद भी किया। सम्मान को पाकर सलमान इमोशनल भी दिखे। सलमान ने सभी का शुक्रिया करते हुए पने जीवन के हर खास मोमेंट को शेयर किया।

लाइफ Style

# अनन्या शॉर्ट ड्रेस पहनकर हुईं ट्रोल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'गहराइयां' के प्रमोशन में बिजी हैं। ये फिल्म 11 फरवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में अनन्या पांडे के अलावा दीपिका पादुकोण, सिद्धांत चतुर्वेदी,धैर्य करवा नजर आने वाले हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रमोशन के दौरान अनन्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो पिंक और ऑरेंज कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं और लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। इसमें एक्ट्रेस शॉर्ट ड्रेस में अनकंफर्टेबल दिखाई दे रही हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर सामने आए अनन्या पांडे के वीडियो में देखने के लिए मिल रहा है कि वो पिंक और ऑरेंज कलर की शॉर्ट ड्रेस में अनकंफर्टेबल दिखाई दे रही हैं। मीडिया के सामने वो कहती हुई भी नजर आ रही हैं कि वो इस ड्रेस में सांस भी नहीं ले पा रही हैं। अनन्या का ये बोलना और लोगों का उन्हें ट्रोल करना दोनों साथ में शुरू हो गया। यही नहीं अनन्या की ये ड्रेस इतनी ज्यादा छोटी है कि वो हर बार इस ड्रेस में अनकंफर्टेबल ही दिखाई दीं। इससे पहले फिल्म 'गहराइयां' के प्रमोशन के लिए गई एक्ट्रेस को जब सीढ़ियों से उतरते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपनी ड्रेस संभालती हुई नजर आई थीं। इसके बाद लोग उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाने लगे। इस वीडियो में भी उन्होंने बहुत छोटी सी ड्रेस पहनी हुई थी। बता दें कि इससे पहले अनन्या और सिद्धांत चतुर्वेदी फिल्म के लिए प्रमोशन के लिए गए थे। इस इवेंट में एक्ट्रेस को सिद्धांत अपनी जैकेट पहनाते हुए नजर आए थे।



हॉलीवुड मसाला



## रिहाना बनने वाली हैं मां...

**लॉस एंजेलिस।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली मशहूर सिंगर रिहाना प्रेग्नेंट हैं। वह जल्द ही बॉयफ्रेंड एसैप रॉकी के बच्चे की मां बनने वाली हैं। इस खबर की पुष्टि तब हुई जब रिहाना और उनके बॉयफ्रेंड की कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। हाल ही में रिहाना की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। रिपोर्ट्स की माने तो ये फोटोज एक सप्ताह पहले न्यूयॉर्क में क्लिक की गई थीं, जो अब सामने आई हैं।




## ब्रैड से अलग होने का फैसला आसान नहीं था

**लॉस एंजिलिस।** बैड पीट से तलाक के बाद अभिनेत्री एंजेलिना जोलीने भी पिछले दिनों कहा था कि ब्रेड से अलग होने का फैसला आसान नहीं था। वो टूट गई थीं। अब वो उम्मीद करती हैं कि ब्रेड भी अपनी जिंदगी में आगे बढ़ जाएंगे। हालांकि कई बार एंजेलिना ब्रेड पर कुछ कुछ आरोप लगा चुकी हैं। एक इंटरव्यू में, एक्ट्रेस ने कहा कि वह पिट से अपने रिश्ते के दौरान अपने बच्चों के पालन-पोषण को लिए डरी हुई थी। ब्रैड और एंजेलिना 6 बच्चों के माता-पिता हैं। इनमें से तीन उनके बायोलॉजिकल बच्चे हैं, जबकि 3 को उन्होंने गोद लिया था। कपल का सबसे बड़ा बच्चा मैडोक्स 19 साल का है।



## संजय व रणबीर संग आएंगी नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर को 'चंडीगढ़ करे आशिकी' में देखा गया था। अब जल्द ही वह अपकमिंग फिल्म 'शमशेरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और संजय दत्त को लीड रोल में देखा जाने वाला है। फैंस एक बार फिर से उन्हें पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं। वहीं वाणी कपूर फिल्मों के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक बार फिर से वाणी ने फैंस के साथ अपना बेहद बोल्ड अवतार शेयर किया है। इस वीडियो में वाणी का लुक देख लोगों के होश उड़ गए हैं। यह वीडियो एक्ट्रेस के लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान का है। वीडियो में वाणी सिल्वर सिक्वेंस वाली व्हाइट बिकिनी पहने दिख रही हैं। उन्होंने इसके साथ व्हाइट कलर की लूज पैंट्स कैरी की हुई हैं।



## कार्तिक के घर आया नन्हा मेहमान...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन के घर एक नया मेहमान आया है। इस नए मेहमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ये नया मेहमान कार्तिक के घर पर जैसी ही आया तो सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरें छा गईं। सामने आई तस्वीरों में कार्तिक एक प्यारे से सफेद रंग के डॉग को पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। कार्तिक ने इस नए मेहमान का नाम कटोरी रखा है। इस नए मेहमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं,जिसमें कार्तिक इस नए मेहमान का दुलार करते नजर आ रहे हैं।कार्तिक ने इस नन्हें मेहमान की तस्वीर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा- कटोरी...मुझे दोबारा प्यार हो गया। कार्तिक की इस नए मेहमान के साथ सामने आई तस्वीरों पर फैंस भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

टीवी मसाला

## चोटिल होने के बाद टूट गया था आत्मविश्वास

**मुंबई।** अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्य का कहना है कि 'बिग बॉस' के घर में रहने के दौरान चोटिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास 'पूरी तरह से टूट गया' था। देवोलीना की पिछले शुक्रवार को मुंबई के नानावती अस्पताल में 'नर्व डीकम्प्रेशन (तंत्रिका विसंपीड़न)' सर्जरी हुई थी। हाल ही में समाप्त हुए 'बिग बॉस' के 15वें सीजन में वाइल्ड कार्ड एंट्री के रूप में प्रवेश करने वाली देवोलीना रियलिटी शो के एक टास्क के दौरान घायल हो गईं थीं। टास्क में देवोलीना को कई घंटों तक खंबे पर खड़ा होना था। देवोलीना ने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अस्पताल में बिताए गए समय, ठीक होने की प्रक्रिया और वापस घर लौटने के बारे में बताया है। देवोलीना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरा 'बिग बॉस' के 15वें सीजन का सफर एक रोलर कोस्टर राइड (उतार-चढ़ाव वाला) था। मैं इस दौरान मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से बहुत उतार-चढ़ाव से गुजरी। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मैं पोल टास्क के दौरान घायल हो गई थी। बिग बॉस से बाहर आने के बाद मुझे तत्काल नर्व डीकम्प्रेशन सर्जरी करानी थी। वह समय ऐसा था, जब मेरा आत्मविश्वास पूरी तरह से टूट गया था और मुझे नहीं पता था कि मेरी मां या भाई के बिना इससे कैसे निपटना है और इसके बारे में सोचने का समय नहीं था। इसलिए, मैंने तुरंत सर्जरी करवाई।'



## 'रक्तांचल 2' का ट्रेलर आया सामने

**मुंबई।** निकितिन धीर और माही गिल अभिनीत 'रक्तांचल 2' के निर्माताओं ने आगामी श्रृंखला का ट्रेलर जारी किया है। एमएक्स ओरिजिनल सीरीज 'रक्तांचल 2' 90 के दशक की शुरूआत की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है जब यूपी की राजनीति की पूरी गतिशीलता से बदलने वाली थी। अपनी यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, निकितिन कहते हैं कि वसीम की भूमिका निभाना हमेशा कठिन रहा है। यह चरित्र बहुत जटिल है। यूपी की बोलियां सीखने से लेकर राजनेता के रूप में भूमिका निभाने तक, मैंने इस किरदार को अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट दिया है। मैं केवल यह आशा करता हूं कि दर्शक मेरी भूमिका की उतनी ही सराहना करें, जितनी उन्होंने पहले सीजन में सराही थी।




## नवाजुद्दीन ने अपनाया लेडी लुक ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी उन सितारों में से एक है जो जल्द से जल्द अपने किसी भी किरदार में खुद को ढाल लेते हैं। उनके अंदर का यही स्पेशल टेलेंट उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाता हैं। इन दिनों एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म टीकू वेड्स शेरू के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भी मजेदार लेडी लुक अपनाया है। कंगना रनौत ने एक्टर की ये फोटोज अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। उन्होंने नवाजुद्दीन के इस लुक पर कमेंट करते हुए लिखा था 'इतनी हॉट', वहीं दूसरे में लिखा 'बिजली गिराने मैं हूं आई'। नवाजुद्दीन की ये तस्वीरें देख लगता है एक्टर फिल्म में वाकई बिजली गिराने वाले हैं। उनका यह फनी लुक फिल्म में उनके मजेदार कैरेक्टर की झलक दिखा रहा है।





## हुई उप्स मूमेंट का शिकार...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को जिम के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान सारा उप्स मूमेंट का शिकार हो गई। इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में सारा जिम के बाहर कार से उतरती हुई नजर आ रहीं हैं, तभी उनकी शॉर्ट्स थोड़ी नीचे खिसक जाती है। इसके बाद सारा शॉर्ट्स को ऊपर खिसकाते नजर आती हैं। इसके बाद सारा कैमरे के सामने पोज देकर चली जाती हैं। इस वीडियो को देखने के बाद लोग ने सारा को ट्रोल तो किया हैं। सारा के वर्क फ्रंट की बात करे तो वो आखिरी बार आनंद एल. राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'अतरंगी रे' में अक्षय कुमार और धनुष के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई। फिल्म को लोगों ने बहुत पसंद किया। अब सारा अपनी अगली फिल्म को लेकर व्यस्त हैं, वो इन दिनों विक्की कौशल के साथ एक फिल्म में काम करती दिख रही हैं।

# हृदय को शक्तिशाली बनाने में मदद करता अनार का जूस

*हृदय को शक्तिशाली बनाने, मूर्छा एवं खांसी को दूर करने के लिए अनार का सेवन करना चाहिए। यदि आमाशय में जलन हो एवं मूत्र करते समय अवरोध हो तो अनार दानों का शरबत बनाकर पीना चाहिए। अनार आमाशय को बलवान बनाने में सहायक होता है।*

### पीलिया ठीक करने में सहायक

मीठे अनार के दानों का पचास-साठ ग्राम रस रात को खुले स्थान में लोहे के पात्र में रख दें। प्रातःकाल उसमें उचित मात्रा में मिश्री मिलाकर पिएं। रोग-स्थिति के अनुसार एक-दो सप्ताह तक ऐसा करने से पीलिया दूर हो जाएगा।

### पेट दर्द से मिलती राहत

अनार के दानों में थोड़ा-सा सेंधा नमक तथा पिसी हुई काली मिर्च मिलाकर खाने से पेट दर्द दूर हो जाता है। जिन लोगों के पेट में निरंतर दर्द रहता हो, वे कुछ दिनों तक लगातार इस विधि से अनारदानों का सेवन करें। इससे भूख खुलकर लगेगी और पेट दर्द दूर हो जाएगा। मीठे अनार के चालीस-पचास ग्राम दानों में पिसी काली मिर्च मिलाकर खाने से भी पेट दर्द दूर होता है।

### पेचिश से आराम

अनार के पन्द्रह ग्राम सूखे छिलके और फूल वाली दो लौंग-दोनों को पीसकर एक गिलास पानी में अच्छी तरह उबालें। जब पानी आधा रह जाए, तो उसे छानकर तीन खुराक करके पिएं। दस्त और पेचिश में आराम हो जाएगा।



### गंजापन से छुटकारा

मीठे अनार के पत्तों को पानी में पीसकर सिर पर लेप करने से कुछ ही दिनों में गंजापन दूर हो जाता है। अनार के पत्तों का रस नित्य नाखूनों पर रगड़ते रहने से नाखूनों का टूटना बंद हो जाता है। रस मलने के बाद तुरंत हाथों को नहीं धोना चाहिए।

# ब्रज में सीएम योगी आदित्यनाथ बोले, किसी को हम छेड़ते नहीं, छेड़ने वालों को छोड़ते नहीं

आगरा। मथुरा जिले के छाता विधानसभा क्षेत्र के तरौली में मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज की धरती को प्रणाम करने के साथ संबोधन शुरू कियाा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है। ब्रज के समग्र विकास को कार्य हो रहा है। बिना भेदभाव के कार्य किये जा रहे हैं। बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार कार्य कर रही है। कोरोना काल खंड में पहली बार प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं। तीसरी लहर समाप्ति की ओर है। ये लहर भी एक एक हफ्ते में खत्म हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि सपा बसपा कांग्रेस का व्यक्ति कोरोना काल में नहीं था। भाजपा सरकार या कर्यकर्ता ही सेवा कर रहे थे। जो उस संकट में साथ नहीं थे वे अब चुनाव में दिखाई दे रहें तो अवसरवादी हैं। उन्हें मौका नहीं देना चाहिए।प्रत्येक व्यक्ति को फ्री में उपचार, वैक्सीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव का नाम लिये बिना कहा कि वैक्सीन के खिलाफ प्रचार कर रहे थे, जीवन से खिलवाड़ कर रहे थे। वैक्सीन लेने वाला हर वोट कमल के निशान पर जाए। जब वो सत्ता में थे कोसी में दंगा करवाते थे। सपा सरकार




में सबसे पहले दंगा कोसी में हुआ। न्याय मांगने पर झूठे मुकदमे में फंसाया गया। सपा की सदा से नीति रही दंगों की। रामभक्तों की निर्मम हत्या भी इनकी नियत है। खून से इनकी सनी टोपी लाल है। कोरोना में भी नकारात्मक रवैया था। मैंने सीएम के रूप में जिम्मेदारी मानी। मुझे सीएम जनता के आशीर्वाद से पार्टी ने बनाया तो उसके संकट में चुप कैसे बैठ जाऊं। अगर 25 करोड़ लोगों को सुरक्षा नहीं दे सकते तो बेकार हैं। हमने इसे अपना धर्म समझा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद था। दूसरी लहर को नियंत्रित किया। तीसरी नियंत्रित है। कोरोना सदैव के लिए समाप्त हुआ। 45 लाख गरीबों के मकान बनवाये। पीएम ने 80 लाख परिवारों के लिए मकान बनवाने की व्यवस्था बजट मेंकी। चीनी मिल के लिए पैसा भी दिया। स्वीकृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के चौड़ीकरण के लिए पैसा स्वीकृत किया गया। सम्पूर्ण ब्रज का विकास हो रहा है। ब्रज आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में एक करोड़ बुजुर्गों को पेंशन दे रहे हैं। पहले पैसा सपा बसपा सरकार में इत्र वाले मित्र के घर में छुपाया जाता था। सड़कों, चीनी मिल, पेंशन का पैसा हड़पा। हमारा बुलडोजर चलते चलते इत्र वाले के यहां पहुंच गया। यूरोप की यात्रा की थी। नाम समाजवादी, काम दंगावादी। आज अपील कर रहा हूं। लक्ष्मी नारायण केवल छाता की ही चर्चा करते थे। सड़कों के चौड़ीकरण का पैसा स्वीकृत कराया। पिछली सरकार में नौकरी निकलती थीं तो सैफई घराना हड़प लेता था। चाचा भतीजा वसूली के लिए निकलते थे। नौजवान की भर्ती नहीं होती थी। आज हर गांव का नौजवान भर्ति हुआ। सरकारी नौकरी में पांच लाख भर्ति हुईं। पहले कारखाने नहीं लगते थे। एक तरफ विकास हो रहा है दूसरी तरफ माफिया के खिलाफ बुलडोजर खड़ा है। उत्तर पदेश के हर नौजवान को स्मार्ट बनायेंगे। एक करोड़ को टैबलेट और स्मार्ट फोन देंगे। ऑनलाइन परीक्षा कराने की तैयारी हो रही। हर जिले में मेडिकल कालेज बन रहे हैं। माफिया पर करवाई हो रही है। जैसे चुनाव प्रारम्भ हुए दलों को लगा सरकार सीधे करवाई नहीं करेगी। रामवीर सिंह की हत्या हुई थी। प्राधन के हत्यारे मेवात से आये थे। ये फिर से उपद्रव कर रहे हैं।

# सियासी रण में अखिलेश से दूसरी बार भिड़ेंगे एसपी सिंह, सैफई परिवार के खिलाफ चौथा चुनाव

मैनपुरी। जिले की करहल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में आगरा के सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। इस सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हैं। बसपा के टिकट पर कुलदीप नरायन उर्फ दीपक पेंटर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अखिलेश को वाकओवर देते हुए अपने घोषित प्रत्याशी का नामांकन नहीं कराया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ये पहली बार नहीं है जब राजनीति के दो धुरंधर आमने-सामने होंगे। इससे पहले लोकसभा के सियासी रण में भी अखिलेश और एसपी सिंह बघेल दो-दो हाथ कर चुके हैं। बघेल का सैफई परिवार के खिलाफ यह चौथा चुनाव है। जिससे करहल सीट का चुनावी युद्ध अब और घमासान हो गया है। अखिलेश यादव और एसपी सिंह दूसरी बार चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में फिरोजाबाद के रास्ते दिल्ली जाने के लिए दोनों में मुकाबला हो चुका है। तब अखिलेश यादव सपा प्रत्याशी थे तो वहीं एसपी सिंह बघेल हाथी (बसपा) की सवारी कर रहे थे। जब परिणाम आए तो साइकिल की रफ्तार के आगे हाथी नहीं टिक सका। अखिलेश यादव ने एसपी सिंह बघेल को 67301 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। तब अखिलेश यादव को 287011 और एसपी सिंह बघेल को 219710 वोट मिले थे। अब एक बार फिर अखिलेश और बघेल चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। हालांकि इस बार सियासत का मैदान बदलकर फिरोजाबाद से करहल हो गया है तो वहीं मंजिल भी इस बार लोकसभा नहीं बल्कि लखनऊ विधानसभा है।

**डिंपल यादव की राह का रोड़ा बने एसपी सिंह**– अखिलेश यादव के सामने चुनाव लड़ने के बाद ही एसपी सिंह नहीं रुके। वह हर बार राजनीति में सैफई परिवार के लिए राह का रोड़ा बनते रहे। 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने फिरोजाबाद और कन्नौज से जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने फिरोजाबाद सीट छोड़ दी थी। उपचुनाव में उन्होंने अपनी पत्नी डिंपल यादव को मैदान में उतारा। इस चुनाव में भी उनके सामने एसपी सिंह ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल और सपा प्रत्याशी अखिलेश यादवएसपी सिंह बघेल को इस चुनाव में भी जीत तो नहीं मिली, लेकिन उन्होंने डिंपल यादव को भी लोकसभा जाने से रोक दिया।

## बच्चों को छोड़ा ननिहाल फिर पत्नी को ऐसे उतारा मौत के घाट

नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित शाहबेरी गांव की एक कॉलोनी में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। महिला की हत्या का आरोप उसके पति पर लगा है। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। बताया जा रहा है कि घरेलू झगड़े के कारण आरोपी ने पत्नी की हत्या की। इस मामले में मृतका के भाई ने आरोपी जीजा के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ग्रेनो वेस्ट स्थित शाहबेरी की पाल कॉलोनी में नौशाद परिवार के साथ रहता है। नौशाद एक सोसाइटी में टेलर की दुकान चलाता है। नौशाद की तीन साल पहले रूबी के साथ शादी हुई थी। इनके दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने बताया सोमवार की रात नौशाद का अपनी पत्नी रूबी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद आरोपी नौशाद ने रूबी की गला दबाकर हत्या कर दी और घर से फरार हो गया। मंगलवार की सुबह रूबी की हत्या की सूचना मिलने पर बिसरख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में रूबी के भाई ने आरोपी जीजा नौशाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। डीसीपी सेंटर नोएडा हरिश्चंद्र बताया कि पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद हत्या का खुलासा किया जाएगा। बच्चों को नानी के पास छोड़ गया था आरोपी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नौशाद के दो बच्चे हैं, जिनमें एक डेढ़ साल का बेटा और सात माह की बेटी है। नौशाद की सास इटेड़ा गांव में रहती हैं। वारदात को अंजाम देने से पहले नौशाद अपने दोनों बच्चों को उनकी नानी के पास छोड़ कर आया था।

# सपा की एक और कैंडिडेट लिस्ट जारी, स्वामी प्रसाद मौर्य को मिला टिकट, डिप्टी सीएम के खिलाफ प्रत्याशी घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बुधवार को अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। सपा की इस छठवीं सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। विधानसभा चुनाव से पहले योगी कैबिनेट छोड़ कर सपा में शामिल हुए स्वामी प्रसाद मौर्या की उम्मीदवारी का ऐलान हो गया है। पडरौना से विधायक स्वामी प्रसाद मौर्य की सीट बदल दी गई है और इस बार वह पडरौना की जगह कुशीनगर की फाजिलनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से सपा सरकार के पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र को टिकट दिया गया है। उनकी भी सीट बदली गई है। वह लखनऊ उत्तर सीट से चुनाव लड़ते थे। वहीं, कौशांबी की सिराथू विधानसभा सीट से पल्लवी पटेल को उतारा गया है। वह डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। इसके साथ ही सपा अब तक 275 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। बुधवार को



जारी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की लिस्ट में प्रमुख नाम भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य का है। बीते दिनों उन्होंने भाजपा से इस्तीफा देकर सपा में शामिल हो गये थे। सपा ने उन्हें कुशीनगर की फाजिलनगर विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। हालांकि, वह 2017 के विधानसभा चुनाव में कुशीनगर की पडरौना सीट से जीते थे। सपा ने उनका टिकट बदल दिया है। समाजवादी पार्टी ने कौशांबी की सिराथू सीट से अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल को मैदान में उतारा गया है। यह सीट सपा और अपना दल कमेरावादी के गठबंधन के खाते में गई है। यहां से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के टिकट से चुनावी मैदान में हैं। पल्लवी पटेल अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की छोटी बहन हैं। वहीं, बसपा ने इस सीट से संतोष कुमार त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से पूर्व मंत्री प्रो. अभिषेक मिश्र को उम्मीदवार बनाया है। यहां भाजपा से राजेश्वर सिंह और कांग्रेस से रुद्रदमन सिंह बबलू प्रत्याशी हैं। ऐसे में दो ठाकुर प्रत्याशियों के बीच सपा ने जातीय समीकरण साधते हुए अंतिम समय में अपने संभावित प्रत्याशी को बदलकर ब्राह्मण कार्ड खेला है। प्रो. अभिषेक मिश्र लखनऊ उत्तर विधानसभा से 2012 और 2017 का चुनाव लड़े थे।

## आधा दर्जन से अधिक पत्रकारों ने लिया ग्रापए की सदस्यता

प्रखर अहरौरा (मीरजापुर)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक बुधवार को नगर के सत्यानगंज में स्थित गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई, इस दौरान आधा दर्जन से अधिक पत्रकारों ने सदस्यता ग्रहण किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव महेंद्र नाथ सिंह व संचालन कुमार आनंद ने किया। महेंद्र नाथ सिंह ने कहा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को मजबूत करने के लिए तहसील इकाइयों को सक्रिय किया जाएगा। जनपद में चुनार,लालगंज, सदर व मड़िहान में सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। महेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा के लिए संगठन को सशक्त व मजबूत किया जाएगा। पत्रकार खबरों व विज्ञापन में प्रतिस्पर्धा करें, किंतु संगठन के बैनर तले एक साथ मिल बैठकर अपना दुख दर्द साझा करें।इस दौरान चुनार तहसील में आधा दर्जन से अधिक नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता लिया।इस अवसर पर हौशिला त्रिपाठी, देवेंद्र



मिश्रा, राजेश अग्रहरि, सत्यम कुमार, राजेश दुबे,पवन जयसवाल,असलम खान, मयंक जायसवाल, राजेंद्र मिश्रा, कौशल पति, भारत भूषण,मुमताज, नीरज केसरी, संजीव केसरी, प्रदीप शुक्ला, अवधेश त्यागी, रघुबर प्रसाद, ज्ञान दास गुप्ता,कमलेश्वर, इरफान अली, अरविंद श्रीवास्तव, अतुल मिश्रा सहित अन्य रहे।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के ब्लाक अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी घोषित

बस्ती। कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार आर्य ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सहमति से ब्लाक अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारियों की घोषणा किया। बस्ती सदर से अवधेश कुमार, सांऊघाट- आनन्द कुमार गौतम, बनकटी से पुजारी लाल, कुदरहा पंकज आर्य, बहादुरपुर राजवंत, सल्टौआ गोपालपुर सागर गौतम, रामनगर रामनाथ मणि, रूधौली मिथलेश कन्नौजिया, हर्रैया से राजेश कुमार, कप्तानगंज से राजकपूर, विक्रमजोत से दुर्गेश कुमार, परशुरामपुर हंसराम, दुबौलिया सुजीत कुमार और गौर से अरविन्द कुमार को अनुसूचित जाति विभाग का ब्लाक अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार आर्य ने पांचो विधानसभा से प्रभारी घोषित किया है। इनमें हर्रैया विधानसभा से शिवाकान्त सोनकर, कप्तानगंज से रविन्द्र राणा, रूधौली से बिन्देश्वरी, बस्ती सदर से अजीत निगम और महादेवा विधानसभा से मुकेश भारती को विधानसभा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

## बीजेपी प्रत्याशी से नाराजगी के चलते वर्चुअल रैली में नहीं गया कोई खाली रह गई कुर्सियां, खाली कुर्सियो का फोटो वायरल

प्रखर केराकत जौनपुर। विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी से लोगों में जबरदस्त नाराजगी है। नाराजगी इतनी है कि प्रत्याशी के जन सम्पर्क कार्यालय में बुधवार को आयोजित हुई आदरणीय प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली में कोई गया ही नहीं।



उल्लेखनीय है कि केराकत के बीजेपी प्रत्याशी के जन सम्पर्क कार्यालय में सबेरे 11 बजे से वर्चुअल रैली के प्रसारण को एलईडी स्क्रीन पर दिखाने का आयोजन किया गया था। लेकिन निवर्तमान विधायक दिनेश चौधरी से नाराजगी के कारण कोई गया ही नहीं।

रैली के दौरान खाली कुसीर्यों की फोटो किसी ने बीजेपी के एक ग्रुप में पोस्ट कर दी। फोटो वायरल होते ही प्रत्याशी समर्थकों के कान खड़े हो गए। रैली के अंत समय में आनन फानन में रास्ते चल रहे लोगों को पकडकर तो कुछ लोगों को फोन से बुलाकर बैठाया गया और वह फोटो खींचकर वायरल किया गया। हाल भरा होने को दिखाने की कोशिश की गई।

इस बारे में प्रत्याशी के एक समर्थक ने बताया कि रैली पहले पब्लिक इंटर कालेज परिसर में आयोजित की गई थी। लेकिन कुछ कारण से अचानक रैली का स्थान जनसम्पर्क कार्यालय करना पड़ा इसलिए भीड़ नहीं जुट पाई।

### प्राचीन शिवमन्दिर से पांच घण्टा सहित चांदी का मुकुट चोरी

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव गोमती नदी किनारे प्राचीन शिवमंदिर से चोर लगभग पचास हजार से अधिक कीमत के पांच घंटा व चांदी के आभूषण चुरा ले गए।पुजारी ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। बुधवार की सुबह आठ बजे रोजाना की भांति गोबरा गांव निवासी मंदिर के पुजारी पंडित अशोक मिश्रा शिवमन्दिर परिसर में पहुचे तो ताला टूटा देख अवाक रह गये।मंदिर के मुख्य दरवाजे के ताला काटकर बगल में फेंका गया था। मंदिर के अंदर बजरंग बली की मूर्ति पर लगा चांदी का मुकुट व उनकी चांदी की एक आंख , भगवान शिव जी के मूर्ति से अष्टधातु की सर्प के साथ साथ पीतल के पांच घंटे जिनका वजन क्रमशः एक 25 किलो ग्राम,एक 15 किलो व तीन 5 किलोग्राम के घंटे गायब रहा।पुजारी इस घटना की सूचना चंदवक थाने को दिया।

### केराकत में पैरा मिलिट्री फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

प्रखर केराकत जौनपुर । सकुशल चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर थाना केराकत क्षेत्रान्तर्गत रूट मार्च एरिया डेमिनेशन का कार्य लगातार जारी है। बुधवार को भी कोतवाल लक्ष्मण पर्वत और हनुमाननगर,बकुलिया,कुसरना,तेजपुर,नारायणपुर, कुशैला,होते हुए चौकी क्षेत्र अंतर्गत सेनापुर, सरकी, डेहरी, अकबरपुर, भौरा, रामपुर, छतौना, चौरा सरायबिरु आकर फ्लैग मार्च समाप्त किया



सीपीएमफ टीम के प्रभारी रणवीर सिंह के संयुक्त नेतृत्व में रूट मार्च किया गया। टीम केराकत थाने से लेकर मोहल्ला शेखजादा, मेहँदीतला, सिपाह, दलालटोला, कस्बा नरहन, नरहन देहात,औरी गया। इस दौरान फोर्स ने सक्रिय अपराधियों, तथा दुराचारी अपराधियों की चेकिंग और निगरानी की गई। कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि चुनाव तक इस तरह की गतिविधियां चलती रहेंगी।

### टिकट कटने के बाद स्वाति सिंह का आया बयान, बोलीं- भाजपा मेरी आत्मा, यहीं रहूंगी-यहीं मरूंगी'

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से योगी कैबिनेट में मंत्री स्वाति सिंह का टिकट काट दिया है। भाजपा ने स्वाति सिंह की जगह ईडी के पूर्व निदेशक राजेश्वर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके बाद स्वाति सिंह के समाजवादी पार्टी (एसपी) में शामिल होने की चचाएं शुरू हो गई। इस बीच बुधवार को स्वाति सिंह प्रेस कांफ्रेंस कर इन अटकलों पर विराम लगाया। उन्होंने कहा कि वह कहीं नहीं जा रही हैं। उनकी आत्मा बीजेपी है और वह मरते दम तक यहीं रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मैं बीजेपी का समर्थन करूंगी और बीजेपी कैंडिडेट राजेश्वर सिंह जी का भी समर्थन करूंगी। भारतीय जनता पार्टी छोड़ने की खबरों को योगी सरकार में मंत्री स्वाति सिंह ने निराधार बताया हैं। उन्होंने कहा कि टिकट कटने से न तो मैं नाराज हूं और न ही कहीं और जा रही हूं। मैं तो भाजपा छोड़ने की बात सोच भी नहीं सकती हूं। पार्टी में मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरी निष्ठा से पूरा करूंगी।

# निर्वाचन सम्बन्धित सभी कार्य को समय से पूर्ण करें : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने संवेदनशील बूथ का किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी अरूण कुमार की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों को लेकर उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मधुबन के साथ समीक्षा बैठक मधुबन तहसील में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी से मधुबन तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत वनरेबुल एवं क्रिटिकल बूथो के बारे में जानकारी ली गयी, मधुबन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 471 बूथ है पूर्व में कुल 436 बूथ थे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 1200 से अधिक मतदाताओ के लिए अलग बूथ बनाने के निर्देश के क्रम मे 35 नये बूथ का निर्माण हुआ। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मधुबन को निर्वाचन सम्बन्धित सभी कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उक्त अवसर पर विधान सभा मधुबन के अन्तर्गत विकलांग मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता के बारे में जानकारी ली गयी, जिसमें 7 हजार से अधिक 80 वर्ष की आयु के मतदाता होने पर संदेह जताते हुए जिलाधिकारी द्वारा इसका



सत्यापन कराने के निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त जोन एवं सेक्टरो की संख्या के बारें में जानकारी ली गयी। इसीक्रम में जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी लेते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बडें पैमाने पर कराने के निर्देश दिये गये, साथ ही उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि लोगो को जागरूक कर कि लोग अधिक से अधिक संख्या में बूथ पर जाकर मतदान करे। क्षेत्राधिकारी मधुबन से असलहो की जानकारी ली एवं शतप्रतिशत असलहो को जमा कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से फार्म-6, 7 एवं 8 की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली एवं उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सभी बूथो पर बिजली पानी, रैम्प, शौचालय आदि के बारें में जानकारी लेते हुए जिस बूथ पर बिजली पानी, रैम्प, शौचालय आदि की कमी है उस बूथ पर व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी को निर्वाचन से सम्बन्धित सभी कार्यों को लगनतापूर्वक सही ढंग से एवं समय से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिये गये। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा मुधबन तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय मधुबन में स्थिति बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर से उससे सम्बन्धित बूथ पर कुल मतदाता की संख्या, विकलांग मतदाता की संख्या, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता की संख्या के बारे में पूछा गया जिसका संतोषजनक जवाब नही देने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुए निर्वाचन से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण बिन्दु की जानकारी रखने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी मधुबन उमाशंकर उत्तम, जिला सूचना अधिकारी डा0 धनपाल सिहं उपस्थित रहे।

# गोली कांड का एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

चिरैयाकोट, मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के यहियाचक में स्थित मंगलवार को पुलिस ने 21 जनवरी को हुए गोली कांड के एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ। जिसके संबंध में क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह ने बताया कि 21 जनवरी शाम को लगभग चार बजे नन्दू यादव के कटरा पर सर्वेश यादव पुत्र स्वः सुरेश यादव निवासी ग्राम बस्ती चक थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को जान मारने की नीयत से राकेश यादव, सोनू यादव व अमरजीत यादव ने दो गोली मारा था। जिसके संबंध में पीडित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें से एक आरोपी सोनू यादव पुत्र कमलेश यादव को निवासी अब्दोपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की रात लगभग सवा दो बजे मनाजित बाई पास रोड आशिर्वाद




मैरेज हॉल के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल वाहन संख्या यूपी 54 एन 0305 वह 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने जब सोनू यादव से पूछताछ किया तो उसने यह बताया की एक वर्ष अवस्था इब्राहिम में मारपीट का बदला लेने के लिए उक्त घटना को किया गया। उक्त घटना में प्रयुक्त तीन आरोपी के विरुद्ध पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए का इनाम पुलिस ने घोषित किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल वृजेश यादव, गोकर्ण यादव, अशोक गोंड तथा चालक ओमप्रकाश राय तथा लखनऊ एसटीएफ टीम प्रभारी प्रमोद कुमार वर्मा व ओमप्रकाश शामिल रहे।

# खेलों के लिए 3062.60 करोड़ रुपए आवंटित

**नई दिल्ली (भाषा)।** टोक्यो ओलंपिक खेलों में देश की सफलता का प्रभाव खेल बजट में नजर आता है जब केंद्र सरकार ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए तीन हजार 62 करोड़ 60 लाख रुपए आवंटित किए जो पिछले साल की तुलना में 305 करोड़ 58 लाख रुपए अधिक हैं। पिछले वित्त वर्ष में सरकार ने खेलों के लिए दो हजार 596 करोड़ 14 लाख रुपए आवंटित किए थे जिसे बाद में संशोधित करके दो हजार 757 करोड़ दो लाख रुपए कर दिया गया था।

भारत ने टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक सहित कुल सात पदक जीते। देश में चरणबद्ध तरीके से खेल गतिविधियां बहाल हो गई हैं और बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स और हांगझू एशियाई खेलों के रूप में दो वैश्विक प्रतियोगिताओं को देखते हुए 2022 काफी महत्वपूर्ण सत्र है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए शायद सरकार ने खेल गतिविधियों पर अधिक खर्च करने का फैसला किया है।

**खेल बजट**
- 2022-23 वित्त वर्ष में 305 करोड़ रुपए से अधिक का इजाफा
- खेलो इंडिया और राष्ट्रीय युवा योजनाओं पर जोर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से मंगलवर को पेश बजट में सरकार की अहम योजना खेलो इंडिया कार्यक्रम में 316 करोड़ 29 लाख रुपए का इजाफा किया गया है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए पिछले बजट में 657 करोड़ 71 लाख रुपए आवंटित किए गए थे तो अब बढ़ कर 974 करोड़ रुपए हो गए हैं। खिलाड़ियों के कुल प्रोत्साहन और पुरस्कार राशि में भी इजाफा किया गया है जो 245 करोड़ से 357 करोड़ रुपए हो गई है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बजट में सात करोड़ 41 लाख रुपए की कटौती की गई है जो अब 653 करोड़ रुपए होगा। राष्ट्रीय खेल विकास कोष में आवंटन राशि को भी नौ करोड़ रुपए घटाकर 16 करोड़ रुपए कर दिया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना में 118 करोड़ 50 लाख रुपए का भारी भरकम इजाफा किया गया है। इसका आवंटन 283 करोड़ 50 लाख रुपए है। राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए आवंटन को पहले की तरह 280 करोड़ रुपए ही रखा गया है।

# महिला क्रिकेट का आगाज भारत और आस्ट्रेलिया मैच से

**दुबई (भाषा)।** कॉमनवेल्थ गेम्स में 24 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी और 29 जुलाई को बर्मिंघम खेलों के पहले मैच में भारत का सामना आस्ट्रेलिया से होगा। लीग सह नाकआउट महिला टूर्नामेंट महिला 2020 टी-20 विश्व कप उपविजेता आस्ट्रेलिया और भारत के बीच 29 जुलाई को मैच से शुरू होगा। फाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले सात अगस्त को खेले जाएंगे।

बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में सभी प्रतिभागियों का ऐलान करने वाला क्रिकेट पहला खेल बन गया जिसमें महिला टी-20 टूर्नामेंट में श्रीलंका आठवीं टीम होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और कॉमनवेल्थ गेम्स महासंघ ने क्वालालंपुर में पिछले सप्ताह कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालीफायर में श्रीलंका की जीत के बाद इसका ऐलान किया। आस्ट्रेलिया, बारबाडोस, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

कॉनवेल्थ गेम्स में महिला क्रिकेट पहली बार खेला जा रहा है। इससे पहले 1998 में एक बार पुरुष क्रिकेट इन खेलों का हिस्सा था। उस समय शॉन

**कॉमनवेल्थ गेम्स**
- खेलों में 24 साल बाद हो रही है क्रिकेट की वापसी
- महिला टी-20 टूर्नामेंट में श्रीलंका होगी आठवीं टीम

पोलाक की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका टीम ने स्टीव वॉ की आस्ट्रेलियाई टीम को फाइनल में चार विकेट से हराया था। उन खेलों में सचिन तेंदुलकर, जैक कालिस और महेला जयवर्धने जैसे सितारों ने भाग लिया था। इस बार लीग सह नाकआउट टूर्नामेंट 29 जुलाई को आस्ट्रेलिया और भारत के बीच मैच से शुरू होगा। फाइनल सात अगस्त को खेला जाएगा।

बारबाडोस, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया और भारत ग्रुप ए में हैं जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ग्रुप बी में हैं। आईसीसी, सीजीएफ और कॉमनवेल्थ गेम्स श्रीलंका ने श्रीलंकाई टीम को क्वालीफाई करने पर बधाई दी है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्यौफ अलार्डिस ने कहा, 'कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लेने वाली सभी टीमों का ऐलान हो गया है। आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगी और यह काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट होगा।' बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 28 जुलाई से आठ अगस्त तक खेले जाएंगे जिसमें 72 देशों के 4500 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आरिफ खान शीतकालीन ओलंपिक के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भारत के इकलौते प्रतिनिधि स्कीअर आरिफ खान दल प्रमुख हरजिंदर सिंह और सहयोगी स्टाफ के साथ रवाना हो गए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने सोमवार को रवानगी से पहले उन्हें शुभकामनाएं दी। आरिफ दो स्पर्धाओं में भाग लेंगे और शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में उनका लक्ष्य शीर्ष 30 में जगह बनाना है। बत्रा ने बताया कि भारतीय टीम 19 फरवरी को लौटेगी। जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में रहने वाले आरिफ बीजिंग में स्लालोम और जाइंट स्लालोम वर्ग में भाग लेंगे जो 13 और 16 फरवरी को खेली जाएगी।

### मुल्तान सुल्तांस ने क्वेटा ग्लैडिएटसर्स को हराया

**कराची।** डैथ ओवरों में डेविड विली की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुल्तान सुल्तांस ने पाकिस्तान सुपर लीग के मैच में क्वेटा ग्लैडिएटर्स को छह रन से हरा दिया। इफ्तिखार अहमद तेज गेंदबाज इमरान खान के डाले 17वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर क्वेटा कोा जिताने के करीब पहुंच गए थे। विली ने हालांकि उन्हें 18वें ओवर में विकेट के पीछे लपकवाया। आखरी ओवर में क्वेटा को आठ रन की जरूरत थी तब इंग्लैंड के इस गेंदबाज ने एक ही रन दिया और दो विकेट चटकाए। क्वेटा की टीम 19.5 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। मुल्तान ने चार विकेट पर 174 रन बनाए थे। विली ने 22 रन देकर तीन जबकि स्पिनर इमरान ताहिर और खुशदिल शाह ने क्रमशः 24 और 16 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।

### जस्टिन लैंगर से मुलाकात तनावपूर्ण नहीं रही : सीए

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इन रपटों को खारिज किया है कि मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ उसकी मुलाकात तनावपूर्ण रही और लैंगर को पद के लिए फिर से आवेदन देने को कहा गया है। लैंगर का अनुबंध जून में समाप्त होना है। उन्होंने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली और हाई परफार्मेंस मैनेजर बेन ओलिवर से पिछले सप्ताह मुलाकात की थी। सीए ने एक बयान में इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा, 'आस्ट्रेलिया पुरुष टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली और हाई परफार्मेंस मैनेजर बेन ओलिवर के बीच हुई बैठक को लेकर फॉक्स स्पोटर्स की वेबसाइट पर जारी खबरें सही नहीं है।'

### बेंगलूरू का याया से करार

**मडगांव।** बेंगलुरू एफसी ने कैमरून के डिफेंडर याया बनाना से इंडियन सुपर लीग के 2021-22 सत्र के अंत तक के लिए करार किया है। तीस वर्ष के बनाना हाल ही में जोर्डन प्री लीग क्लब शाबाब अल ओर्डोन के लिए खेले थे। वह टीम में गाबोन के डिफेंडर यरोंडु मुसावू किंग की जगह लेंगे जो चोटिल है। बनाना अंडर-20 और सीनियर स्तर पर कैमरून के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 2019 अफ्रीकी कप आफ नेशंस में गोल भी किया था।

### गौरव की शानदार बल्लेबाजी

**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच गौरव सभरवाल (72) की शानदार पारी से उदय गुप्ते क्रिकेट अकादमी क्रैगबज अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में रवि कांत भट क्रिकेट अकादमी को 13 रन पराजित किया। **स्कोर** -उदय गुप्ते क्रिकेट अकादमी : 36 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन (स्नेहाशीष साहा 44 रन, गौरव सभरवाल 72 रन, आर्यन दहिया 3/32, सूरज 2/41)। रवि कांत भट क्रिकेट अकादमी : 35 ओवर में 189 रन पर सभी आउट (त्रिनव कुमार 32 रन, ईशान 31 रन, सिद्धांत बंसल 3/42, आर्यन शर्मा 2/22)।

# भारत ने चीन को फिर दी पटकनी

**मस्कट (भाषा)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां चीन को 2-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। सोमवार को प्रो लीग में अपने पदार्पण मुकाबले में चीन को 7-1 से हराने के बाद मंगलवार को भारत ने इसी टीम को सुल्तान काबूस परिसर में 2-1 से हराया।

भारतीय टीम सोमवार को हुए मैच की तरह इस मुकाबले में अधिक गोल तो नहीं कर सकी लेकिन टीम ने दिखाया कि वे बिना धैर्य खोए आक्रामक हॉकी खेलने में सक्षम हैं। चीन की टीम को अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। इसके अलावा पहले हाफ में चीन की टीम गेंद को अधिक समय अपने कब्जे में नहीं रख सकी, उसके पास सटीक नहीं थे और डिफेंस भी कमजोर नजर आया।

भारत ने मैच की तेज शुरुआत की और आक्रामक खेल दिखाया। भारतीय टीम ने चीन के डिफेंस पर दबाव डाला जिसका फायदा टीम को तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला। गुरजीत कौर ने इसे गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। चीन की टीम भाग्यशाली रही कि पहले क्वार्टर के बाद अधिक अंतर से नहीं पिछड़ रही थी। भारत ने कई मौके बनाए लेकिन यह तो उसके खिलाड़ियों के निशाने गोल से दूर रहे या फिर वे चीन की गोलकीपर वू सुरोंग को छकाने में नाकाम रहे।

दूसरे हाफ में चीन ने वापसी की और डिफेंस में बेहतर खेल दिया। भारत को चीन के आक्रमण को विफल करने में परेशानी हो रही थी। भारतीय डिफेंस की गलती का फायदा उठाकर वैंग शुमिन ने गोलकीपर सविता को पछाड़कर चीन को 1-1 से बराबरी

**महिला हॉकी प्रो लीग**
- दो दिन में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर चीन को 2-1 से हराया

दिलाई। भारत को इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इन्हें गोल में बदलने में नाकाम रही। अंतिम क्वार्टर में भारत ने हमले तेज किए। मोनिका ने आक्रमण की जिम्मेदारी संभाली। भारत को तुरंत ही इसका फायदा पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन दीप ग्रेस एक्का इसे गोल में नहीं बदल सकी।

गुरजीत ने हालांकि एक और पेनल्टी कॉर्नर पर चीन की गोलकीपर वु सुरोंग को पछाड़कर भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत के मुख्य कोच यानेक शोपमैन हालांकि निराश होंगे कि 33 बार चीन के सर्कल में प्रवेश करने के बावजूद भारतीय टीम गोल की तरफ सिर्फ छह शॉट लगा पाई। मोनिका को मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने कहा, 'चीन के खिलाफ दो मैच में हमारे प्रदर्शन से मैं काफी खुश हूं। पिछले ओलंपिक की तरह एक इकाई के रूप में खेलना शानदार रहा। हम पूरी स्वतंत्रता के साथ खेल रह हैं और इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।'



*मस्कट* : एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को रोकने का प्रयास करतीं चीनी खिलाड़ी (पीली जर्सी)।

# सेमीफाइनल में भारत के सामने आस्ट्रेलियाई चुनौती

**एंटीगा (भाषा)।** मैदान पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को और मैदान के बाहर कोरोना वायरस को हराने वाली भारत और आस्ट्रेलिया की दिग्गज टीमें अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में यहां बुधवार को आमने-सामने होंगी। कोरोना महामारी के कारण भारत की तैयारियां काफी बाधित हुई। पिछले दो साल में कोई राष्ट्रीय शिविर या टूर्नामेंट नहीं था और हाल ही में सिर्फ एशिया कप खेलकर टीम यहां आई थी।

चार बार की चैंपियन भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 45 रन से हराकर टूर्नामेंट में आगाज किया। इसके बाद हालांकि कई खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद आयरलैंड के खिलाफ बमुश्किल 11 खिलाड़ी जुट सके। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे ग्रुप मैच में पांच खिलाड़ी उपलब्ध नहीं थे।

**अंडर-19 विश्व कप**
- मैच भारतीय समय के अनुसार आज शाम 6 बजे से

अब भारत के पास पूरी मजबूत टीम है और निशांत सिंधू भी संक्रमण से उबर चुके हैं। भारत को हालांकि आखिरी ओवरों में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। उससे पहले भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 307 और युगांडा के खिलाफ 405 रन बनाए जो अफ्रीकी टीम के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत थी।

अब सामने आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम है। भारत का मनोबल इस बात से बढ़ा होगा कि कोरोना से जूझते हुए भी सारे मैच




जीतकर वह अंतिम चार में पहुंचा है। भारत लगातार चौथी बार सेमीफाइनल खेलेगा। भारत के पास हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, राज बावा के अलावा धुल और रशीद जैसे बल्लेबाज हैं।

धुल ने पहले मैच में 82 रन बनाए थे। गेंदबाजी में रवि कुमार ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर, स्पिनर विकी ओस्तवाल और कौशल तांबे के साथ मध्यम तेज गेंदबाज बावा पर नजरें होंगी।

दो बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया ने क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराया। उसके पास शानदार सलामी बल्लेबाज टीग वीली है जिन्होंने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 71 गेंद में 97 रन बनाए और भारत को उनके बल्ले पर अंकुश लगाना होगा।

# ईडन गार्डंस में टी-20 मैचों में 75% दर्शकों के साथ हरी झंडी

**कोलकाता (वार्ता)।** पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार ने सोमवार को 16 फरवरी से ईडन गार्डंस में भारत और वेस्ट इंडीज के बीच खेली जाने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए दर्शकों की मौजूदगी को हरी झंडी मिल गई है। सोमवार को जारी राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, सभी इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों के आयोजन को 75 प्रतिशत दर्शकों के साथ अनुमति दी जाएगी, जिसका अर्थ है कि लगभग 50,000 प्रशंसकों के उपस्थित रहने की उम्मीद की जा सकती है।

कीरोन पोलार्ड के नेतृत्व वाली वेस्ट इंडी कोलकाता आने से पहले अहमदाबाद में तीन वनडे मैचों की सीरीज भी खेलेगी। पहला मैच छह फरवरी को होगा। कोलकाता ने पिछले साल नवम्बर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 70 प्रतिशत दर्शकों के साथ तीसरे टी-20 मैच की मेजबानी की थी। इस फैसले के बाद बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने एक बयान जारी करते हुए कहा, 'हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने खेल गतिविधियों को फिर से शुरू करने की घोषणा की और साथ ही दर्शकों को 75 प्रतिशत क्षमता में स्टेडियम वापस लाने की अनुमति दी।

डालमिया ने बयान में कहा, 'हमें लगता है कि यह निर्णय राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आएगा। बंगाल क्रिकेट संघ को विश्वास है कि वह उसी तरह विंडीज के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सफलतापूर्वक मेजबानी करने में सक्षम होगा।

### वनडे सीरीज बिना दर्शकों के

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने मंगलवार को कहा कि भारत और वेस्ट इंडीज के बीच छह से 11 फरवरी तक होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में खेली जाएगी। जीसीए ने ट्वीट किया, 'हम वेस्ट इंडीज के भारत दौरे पर वनडे सीरीज की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। छह फरवरी को पहला वनडे एक बहुत ही खास और ऐतिहासिक मैच होगा क्योंकि भारत इस प्रारूप में अपना 1000वां मैच खेलेगा।

# मिताली वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई (भाषा)।** भारतीय कप्तान मिताली राज आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई जबकि तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी दूसरे स्थान पर बनी हुई है। हरफनमौलाओं में भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर है। मिताली के 738 रेटिंग अंक है और आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली 750 अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की स्मृति मंधाना 710 अंक लेकर छठे स्थान पर बनी हुई है। आस्ट्रेलिया की जोनासन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर है जिनके 760 अंक है जबकि झूलन के 727 अंक है। आस्ट्रेलिया की मेगान शट 717 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। हरफनमौलाओं में इंग्लैंड की नटाली स्किवेर शीर्ष पर है। एलिसे पैरी दूसरे और मरियाने काप तीसरे स्थान पर है।

# एकल खिलाड़ियों का युगल में खेलना अच्छा

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा है कि युगल ड्रॉ में एकल खिलाड़ियों की मौजूदगी खेल के लिए अच्छी है क्योंकि इससे अधिक प्रशंसक स्टेडियम में आते हैं और युगल प्रारूप का प्रचार करने में मदद मिलती है। किसी भी टूर्नामेंट में एकल मुकाबले अधिक आकर्षण का केंद्र होते हैं लेकिन दिन-प्रतिदिन युगल प्रारूप भी प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है क्योंकि शीर्ष एकल खिलाड़ी भी इसमें खेल रहे हैं और इससे युगल मुकाबले अधिक रोमांचक और कड़े हो रहे हैं।

प्रवेश के लिए जब सिर्फ युगल रैंकिंग पर विचार किया जाता था तो युगल खिलाड़ियों को दबदबा था। लेकिन एकल रैंकिंग पर भी गौर करने से शीर्ष एकल खिलाड़ी भी युगल मुकाबले खेलने लगे हैं जिससे युगल खिलाड़ियों के लिए दबदबा बनाए रखना मुश्किल हो गया है। बोपन्ना ने कहा कि निश्चित तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि यह अच्छा है या बुरा लेकिन एकल खिलाड़ियों की मौजूदगी से फायदे की स्थिति होती है।

यह पूछने पर कि क्या यह बेहतर नहीं होगा कि इस प्रारूप में सिर्फ युगल विशेषज्ञों को खेलने की स्वीकृति मिले। बोपन्ना ने कहा, 'यह अजीब स्थिति है। काफी एकल खिलाड़ी अपने खेल में सुधार के लिए युगल मुकाबले खेलते हैं। डेनिस शापोवालोव बोपन्ना के जोड़ीदार को युगल मुकाबले खेलना पसंद हैं और साथ ही साथ वह काफी कुछ सीख रहे हैं, चाहे रिटर्न में सटीकता हो या वॉली या रिटर्न, जिससे उसे एकल में काफी मदद मिलती है।'

उन्होंने कहा, 'आज मुझे पता है कि सभी टूर्नामेंट के लिए प्रवेश लगातार मुश्किल होता जा रहा है क्योंकि काफी एकल खिलाड़ी भी युगल मुकाबले खेल रहे हैं।' भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी ने कहा, 'युगल खिलाड़ियों के लिए यह शानदार रहेगा अगर पुराना नियम लागू हो जाए जिसमें सिर्फ युगल रैंकिंग पर विचार किया जाता था लेकिन यह बदलाव नहीं होना वाला। यही कारण है कि शीर्ष स्तर पर खेलते हुए रैंकिंग बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है, अन्यथा 500 और 1000 स्तर के टूर्नामेंट में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा।'

बोपन्ना महाराष्ट्र ओपन में हमवतन रामकुमार रामनाथन के साथ चुनौती पेश करेंगे। अतीत में इस मुद्दे पर बहस हो चुकी है जब युगल खिलाड़ियों को लगता था कि एकल खिलाड़ी उनकी जगह ले रहे हैं।

# भारतीय फुटबाल में वीएआर तकनीक का इस्तेमाल

**मुंबई।** एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के दौरान देश में पहली बार वीडियो सहायक रैफरी (वीएआर) तकनीक का इस्तेमाल किया गया। टूर्नामेंट से पहले घोषणा की गई थी कि एएफसी एशियाई कप के नॉकआउट मुकाबलों के दौरान वीएआर का इस्तेमाल किया जाएगा। जापान और थाईलैंड के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान भारत में पहली बार इस तकनीक का इस्तेमाल किया गया। पुणे में खेले जा रहे मैच में वीएआर की भूमिका अहम रही। दक्षिण कोरिया ने खिताब के दावेदार आस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट का अब तक का संभवतः सबसे बड़ा उलटफेर किया। पहले हाफ में वीएआर के जरिए कोरिया को पेनल्टी मिली लेकिन चो सोह्युन इसे गोल में नहीं बदल सकी।




भारतीय युगल विशेषज्ञ टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना।

# धवन, श्रेयस, कमिंस, रबाडा, शीर्ष मूल्य के वर्ग में

**नई दिल्ली (भाषा)।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों के साथ पैट कमिंस और कागिसो रबाडा की तरह दिग्गज विदेशी खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग की आगामी नीलामी में दो करोड़ रुपए के उच्चतम आधार मूल्य वर्ग में शामिल हैं। इस बड़ी नीलामी का आयोजन 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगा।

दो दिवसीय नीलामी के दौरान 590 खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी। आईपीएल ने मंगलवार को अंतिम नीलामी सूची की घोषणा की, जिसमें पिछले महीने जारी किए गए 1,214 खिलाड़ियों की मूल सूची से आधे से अधिक खिलाड़ियों को हटा दिया है। यह सूची फ्रेंचाइजी टीमों की खिलाड़ियों में रुचि पर आधारित है। इसमें शामिल 590 क्रिकेटरों में से कुल 228 कैप्ड (अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके) खिलाड़ी हैं, जबकि 355 खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अपनी राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। इसमें सात सहयोगी (एसोसिएट) देशों के हैं। नीलामी में कुल 370 भारतीय खिलाड़ी और 220 विदेशी क्रिकेटर शामिल होंगे, जिनमें से 48 खिलाड़ियों ने खुद को 2 करोड़ रुपए के वर्ग में रखा है।

**आईपीएल नीलामी**
- दो दिवसीय नीलामी के दौरान 590 खिलाड़ियों के लिए लगेगी बोली
- 228 अंतरराष्ट्रीय जबकि 355 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी
- नीलामी में 370 भारतीय खिलाड़ी और 220 विदेशी क्रिकेटर शामिल

भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार, उमेश यादव, ईशांत शर्मा और अजिक्या रहाणे ने भी खुद को शीर्ष मूल्य वाली श्रेणी में रखा है। अय्यर और धवन शीर्ष वर्ग में हैं लेकिन नीलामी में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें ईशान किशन, देवदत्त पडिकल, वाशिंगटन सुंदर, दीपक चाहर, पिछले सत्र के शीर्ष विकेट लेने वाले हर्षल पटेल, स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए बोली लगाना चाहेंगी। यह सभी खिलाड़ी शीर्ष मूल्य वाले दो करोड़ रुपये के वर्ग में है।

विदेशी खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, कमिंस, रबाडा, आस्ट्रेलिया के हरफनमौला मिशेल मार्श और स्टीव स्मिथ, बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन और दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस के लिए फ्रेंचाइजी टीमें बड़ी बोली लगा सकती है। ये सभी खिलाड़ी शीर्ष श्रेणी की सूची में है। सुरेश रैना और रोबिन उथप्पा जैसे भारतीय दिग्गजों का भी आधार मूल्य दो करोड़ रुपए है लेकिन उनके लिए फ्रेंचाइजी शायद पहले जैसी दिलचस्पी न दिखाए।

नीलामी सूची में 20 खिलाड़ी हैं जिनका आधार मूल्य डेढ़ करोड़ रुपए है जबकि 34 खिलाड़ी एक करोड़ रुपए के आधार मूल्य वाले क्रिकेटरों की सूची में हैं। भारत के अंडर-19 सितारे, कप्तान यश धुल, विक्की ओस्तवाल और राजवर्धन हैंगरगेकर के साथ शानदार लय में चल रहे शाहरुख खान, दीपक हुड्डा और अवेश खान जैसे खिलाड़ी इस नीलामी के दौरान अपनी छाप छोड़ने और अपनी पहचान बनाने की कोशिश करेंगे। अंडर -19 के सभी भारतीय खिलाड़ियों में मध्यम तेज गेंदबाज हैंगरगेकर का नीलामी आधार मूल्य 30 लाख रुपए है, जबकि अन्य के लिए यह 20 लाख रुपए है।

# ढाई साल बाद कोर्ट पर वापसी करेंगे डेल पोत्रो

**ब्यूनस आयर्स (भाषा)।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन अर्जेंटीना के जुआन डेल पोत्रो ढाई साल बाद घुटने की चोट से उबरने के बाद टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगे जिन्हें दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंटों में वाइल्ड कार्ड दिया गया है। अगले सप्ताह यहां शुरू हो रहे अर्जेंटीना ओपन के आयोजकों ने कहा कि 33 वर्ष के डेल पोत्रो इसमें खेलेंगे। वह अगले सप्ताह रियो ओपन भी खेलेंगे। यूएस ओपन 2009 चैंपियन डेल पोत्रो ने 22 एकल खिताब जीते हैं और विश्व रैंकिंग में वह तीसरे स्थान तक पहुंचे थे। उन्होंने आखिरी बार 2019 में क्वींस क्लब पर खेला था जिसमें उनका दाहिना घुटना टूट गया था।

# देश को डिजिटल मोड में ले जाने वाला केंद्रीय बजट 2022-23

### डॉ0 जगदीश सिंह ,एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, हरिशचंद्र पीजी कॉलेज वाराणसी एवं क्षेत्रीय संयुक्त सचिव - भारतीय आर्थिक संघ ने दिया बयान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आज का केंद्रीय बजट जो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश किया गया इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि देश को डिजिटल मोड में ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है' वह चाहे अर्थव्यवस्था का कृषि क्षेत्र हो या उद्योग या सेवा क्षेत्र तीनों क्षेत्रों में डिजिटल मोड को बढ़ावा देने का विशेष प्रयास किया गया है ' हम कृषि क्षेत्र की बात करते हैं तो इसमें भी भुगतान को डिजिटल पेमेंट के माध्यम से भुगतान करने की बात की गई किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भी डिजिटल माध्यम को बढ़ावा दिया गया ' औद्योगिक क्षेत्र में भी सभी प्रकार के भुगतान, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि को डिजिटल मोड से करने का प्रावधान किया गया ' सेवा क्षेत्र की बात करें चाहे एजुकेशन का क्षेत्र है या स्वास्थ्य का क्षेत्र है यहां बैंकिंग का क्षेत्र है या बीमा क्षेत्र है सभी को डिजिटलाइजेशन की ओर ले जाने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है बैंक में डिजिटल करेंसी लाने का प्रस्ताव किया गया है। क्रिप्टो करेंसी से आय पर 30% टैक्स लगाने की बात की गई इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि देश की सरकार क्रिप्टो करेंसी को मान्यता दे रही है देश के विकास के लिए और देश को दुनिया के देशों में जोड़ने और गतिशील बनाने के लिए बहुत ही आवश्यक है ' विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में ई- विद्या को बढ़ावा देने के लिए 200 चैनल बढ़ाने की बात की गई ' सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए ' चाहे वह रेलवे हो या सड़क मार्ग हो या एयर मार्ग सभी क्षेत्रों में 3 पी मॉडल से बुनियादी ढांचे को बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। कृषि विश्वविद्यालयों का विस्तार किया जाएगा ' किसानों को डिजिटल सुविधा मुहैया कराई जाएगी ' पीएम शक्ति के अंतर्गत सड़कों का जाल बिछाया जाएगा ' 400 नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी ' गरीबों के लिए 80 लाख घर की व्यवस्था ' युवाओं के लिए 60 लाख नौकरी और किसानों के लिए 2.37 लाख करोण एमएसपी पर खरीदारी की व्यवस्था की गई है ' एम एस एम ई सेक्टर को रियायत दिया गया है ' स्टार्टअप इंडस्ट्रीज को टैक्स छूट में 1 साल की वृद्धि की गई ' कारपोरेट टैक्स की दर 18% से घटाकर 15% किया गया यह तो बजट की अच्छाइयां है।



यदि हम आलोचनात्मक मूल्यांकन करें तो इन सब अच्छाइयों के बावजूद बजट में मध्यम वर्ग और आम जनता को निराशा भी हुई है ' गरीबों और गांव के किसानों के लिए और बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई ' सभी क्षेत्रों में 3 पी मॉडल से सरकार द्वारा काम किया जाएगा जिससे निजी करण और पूंजीवाद को बढ़ावा मिलेगा ' कारपोरेट टैक्स को कम करने से उद्यमियों और पूंजी पतियों को ही लाभ होगा ' देश में महंगाई को देखते हुए जो मध्यम वर्ग को और सैलरीड वर्ग को आयकर में कुछ राहत की उम्मीद वह लगाए बैठा था उसमें किसी भी प्रकार की कोई राहत वित्त मंत्री जी द्वारा नहीं दिया गया' जबकि महंगाई को देखते हुए स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि बढ़ाई जानी चाहिए थी ' इनकम टैक्स के स्लैब को थोड़ा और बढ़ाया जाना चाहिए था' आयकर की अधिकतम सीमा 30% से घटाकर 25% की जानी चाहिए थी' क्योंकि जब वित्त मंत्री कारपोरेट टैक्स में राहत दे सकती है तो आयकर के दरों में भी राहत देनी चाहिए थी।

## आचार संहिता व करोना गाइडलाइन की सपा प्रत्याशी ने उड़ाई धज्जियां



प्रखर केराकत जौनपुर। विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग कोरोनावायरस व चुनाव को देखते प्रदेश भर में नई गाइडलाइन जारी कर प्रत्याशियों को गाइडलाइन का पालन करते हुए चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए बावजूद इसके भी लगातार प्रत्याशियों के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए देखा जा रहा है इसी कड़ी में केराकत विधानसभा के सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद तूफानी सरोज ने बुधवार को रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने आचार संहिता और कोरोना गाइडलाइन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई काफिले में शामिल गाड़ियों पर समाजवादी पार्टी का झंडा लगा दिखा इसके अलावा जगह-जगह की गई नुक्कड़ रैली में कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया। इक्का-दुक्का को छोड़कर किसी के भी चेहरे पर मास्क नहीं दिखा जानकारी के मुताबिक इस संदर्भ में सीओ और कोतवाल को सूचना दे दी गई है उल्लेखनीय है कि केराकत विधानसभा के प्रत्याशी पूर्व सांसद तूफानी सरोज मुफ्तीगंज क्षेत्र के इटैली बाजार, हनुवाडीह आदि जगह पर रोड शो निकालकर नुक्कड़ सभा कर रहे हैं।उनके साथ पार्टी विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान, श्याम सुंदर यादव, उमाशंकर यादव, रविंद्र यादव व भगवती समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मांगों के समर्थन में कोटेदारों ने भरी हुंकार

प्रखर जौनपुर। आल इण्डिया फेयर प्राइज शॉप डीलर फेडरेशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद इकाई के नेतृत्व में जनपद के कोटेदारों का एक प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को जिलापूर्ति अधिकारी से उनके दफ्तर में मिला। उन्हें पत्रक सौंपते हुये कोटेदारों ने कहा कि पिछले 5 माह का कमीशन व भाड़े का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि 29 जनवरी को निकासी मिली जिसका वितरण दो दिन में सम्भव नहीं हो सकता। ऐसे में तमाम कार्डधारकों को राशन नहीं मिला, जिससे कहीं-कहीं विवाद की स्थिति भी पैदा हो गयी। इसी के साथ प्रतिनिधिमण्डल ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी से लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। साथ ही कहा कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाय, अन्यथा वितरण व्यवस्था प्रभावित होने पर सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर निगम, महासचिव पद्माकर उपाध्याय, उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव, दीनानाथ चौबे, विजयी यादव, नन्द लाल यादव सहित तमाम कोटेदार शामिल रहे।

## चन्दवक पुलिस गैगेस्टर एक्ट के दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रखर चंदवक जौनपुर। आगामी विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चन्दवक राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना केराकत के गैगेस्टर एक्ट से संबंधित दो वांछित अभियुक्त जिलानी पुत्र नसीर निवासी गौरीगंज इ-11/36 वरुणा कमिश्नेरेट वाराणसी थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी व इम्तियाज पुत्र मो0 इसरायिल निवासी फारुखी नगर बजतिता (बजरडीहा) वरुणा कमिश्नरेट थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी को बुधवार की दोपहर को मुढैला तिराहे से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय भेजा।

## रीडिंग कैंप के स्वयंसेवकों का किया गया सत्कार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। रीडिंग कैंप के अवसर पर बुधवार को पिंडरा ब्लाक के जगदीशपुर ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन उपक्रम रीडिंग कैंप चलाने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था शिक्षा तथा रोजगार ऐसे विभिन्न कार्यक्रम पर काम करती है । सर्वप्रथम रीडिंग कैम्प पिंडरा ब्लाक के जगदीशपुर एवं अमौत गांव में देखने को मिला है। प्रथम रीडिंग कैंप पिछले 20 दिनों से गांव में शुरू है जिसमें गांव के युवाओं ने स्वेच्छा से स्वयंसेवक के रूप में काम करने के लिए तैयार हुए हैं। स्वयंसेवक सेवार्थ नियुक्त कर निःशुल्क कक्षा ली जाती है जिसमें कक्षा तीसरी, चौथी, और पांचवीं के विद्यार्थियों का समावेश है। **वाचन कला की दी जा रही शिक्षा**- शिक्षारत विद्यार्थियों को प्रथम विविध एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को वाचन कला की शिक्षा दी जाती है 23 दिनों के बाद विद्यार्थियों को पढ़ने लायक तैयार कर लिया जाता है इसमें स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसके लिए स्वयंसेवकों को किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिलता है । इसके बावजूद यह लोग महज सेवा भाव से यह कार्य कर रहे हैं । जगदीशपुर गांव में ग्राम प्रधान, आशा, सुपरवाइजर एवं अभिभावक के द्वारा स्वयंसेवकों का सत्कार किया गया। इस रीडिंग कैम्प प्रोग्राम में ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार ,आशा सुपरवाइजर किरण पाल ,प्रथम संस्था के सेंटर हेड मैनेजर रवि सिंह, प्रथम संस्था के मेंटर लीडर अनुज कुमार ,संस्था के मेंटर्स अजय कुमार पटेल ,राजेश कुमार, चांदनी चौरसिया, स्वयंसेवक राहुल पटेल, अजय सेठ ,सचिन पटेल, लक्ष्मी पटेल, ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक गण उपस्थित रहे।



## भाजपा नेत्री उषा मौर्या समेत पांच के विरुद्ध फ्राड का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

प्रखर जौनपुर। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री ऊषा मौर्य समेत पांच के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने जालसाजी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। आरोप है कि भाजपा नेत्री ने 65 विस्वा जमीन

**65 विस्वा जमीन को कूट रचना कर बिक्री करने का आरोप**

को कूट रचना कर बिक्री कर दिया। जानकारी के अनुसार वादी निर्छला देवी ने सीजेएम की कोर्ट में 156 (3) के तहत प्रार्थनापत्र देते हुए कहा कि प्रार्थिनी के ससुराल पचहटिया में कीमती जमीन थी। जिसे कूट रचना करते हुए भाजपा नेत्री उषा मौर्य अन्य ने बेच डाला है। वादी ने इसके पहले डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को भी पार्थना पत्र दिया लेकिन कोई करवाई नहीं हुई। बाद में तब निर्छला देवी ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देते हुये कहा कि उसके ससुर खदेरन मौर्य थे जिसके नाम जमीन थी। निर्छला के अनुसार खदेरन मौर्य के जीवित रहते उसके पति की मौत हो गयी थी। पति की मौत के कुछ समय बाद ससुर खदेरन की भी हत्या कर दी गयी। इस तरह खदेरन मौर्य की मौत के बाद जमीन की वारिस बहू निर्छला और पौत्र पंकज वारिस हुए और सरकारी अभिलेख में नाम भी दर्ज हो गया। इसके बाद परिवार की आर्थिक स्थित खराब होने के कारण जमीन को दिलीप प्रजापति के नाम रजिस्ट्री कर दिया था। दूसरी ओर उषा और उनकी बहन निर्मला ने कार्यवाही करते हुए तहसील दार सदर के आदेश से निर्छला और पंकज का नाम खारिज करा के अपना नाम दर्ज करा लिया था, लेकिन एसडीएम के अपील होने पर तहसील दार की आदेश स्थगित कर दिया गया। फिर उषा मौर्या एसडीएम के आदेश के खिलाफ कमिश्नर कोर्ट गयी, वहां पर उषा बनाम निर्छला और उषा बनाम दिलीप दो मुकदमा किया। कमिश्नर ने तहसीलदार के आदेश को बहाल कर दिया तो मामला हाईकोर्ट बोर्ड आफ रेवन्यू पहुंच गया जहां पर आज भी विचाराधीन है। हाईकोर्ट ने एसडीएम के वारिस आदेश को माना है। दूसरी ओर उषा देवी भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री की हनक दिखा कर 65 विस्वा जमीन को कूट रचना करते हुए मनोज राय और पंकज मौर्य के सहयोग से बेंच दिया। जानकारी होने पर निर्छला और विपक्षी गण थाना लाइन बाजार पर तहरीर दिये लेकिन सत्ता के दबाव में कार्यवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता कोर्ट की शरण में गयी।



## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित कुदारन चौराहा पर अज्ञात वाहन ने निवासी सेमरौरा थाना चकिया जनपद चंदौली को धक्का मार दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार गौतम कुमार पुत्र रामचंद्र अपने बाइक से वाराणसी से सोनभद्र जा रहा था। तभी वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित अहरौरा थाना क्षेत्र के कुदारन चौराहा पर, ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहूंचे एसआई श्यामलाल मय फोर्स के साथ पहूंचकर घायल को भिजवाया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जहाँ पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## नेहरू युवाजागरूक मतदाता स्वास्थ्य लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका एवं जन जागरण अभियान

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। नेहरू युवा केंद्र आजमगढ़ के तत्वाधान में जागरूक मतदाता स्वास्थ्य लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका एवं जन जागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक मुहम्मदपुर सभागार में बुधवार को किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर के मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य लोकतंत्र के निर्माण में में युवाओं की भूमिका अहम होती है इसलिए युवा स्वतंत्र रूप से अपने मत का प्रयोग करें साथ ही जल संरक्षण करें एवं स्वस्थ पेयजल का उपयोग करें। विशिष्ट अतिथि संयुक्त खंड विकास अधिकारी महेंद्र यादव ने कहा कि जागरुक मतदाता का उद्देश लोकतंत्र के महापर्व शत प्रतिशत भागीदारी हो मतदाता निडर और निर्भीक होकर अपने मतदान का प्रयोग करें । डॉ इस्माइल ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है युवाओं को अच्छे राजनेता का चयन करना चाहिए । जे ई सुरेंद्र प्रजापति ने कहा कि है आज भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व जल संरक्षण को लेकर गंभीर हैं इसलिए जल का संचयन करें। पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेविका वह क्षेत्र पंचायत सदस्य पूनम ने कहा कि अपने एक वोट की कीमत अमूल्य है इसलिए अपने मत बेकार न जाने दे।समाजसेवी रामअवतार स्नेही ने युवाओं को लोकतंत्र के भागीदारी में सत प्रतिशत मतदान करने की भागीदारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं। जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवाओं को प्रेरणा एवं जागरूक करने के लिए इस तरीके के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसका उद्देश्य युवा ऊजार्वान होकर आगे बढ़े।



## बीजेपी का कार्यकर्ता एक राजनीतिक सन्यासी होता है - राष्ट्रवादी चिंतक मंच

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बीजेपी कार्यकर्ता के त्याग और तपस्या को अभिव्यक्त करने के लिए मुझे एक शब्द की रचना करनी पड़ी है राजनीतिक सन्यासी `अगर आज मंदिर बन रहा है तो इसके पीछे बीजेपी के एक कार्यकर्ता की ताकत है अगर आज आजम खान जेल में है तो इसके पीछे बीजेपी के एक पन्ना प्रमुख की मेहनत है अगर आज यूपी के अंदर बहन बेटियां स्कूल जा पा रही हैं तो इसके पीछे एक बीजेपी के एक बूथ मैनेजर का कठोर परिश्रम है अगर आज हिंदुत्व का भगवा परचम पूरे देश में लहरा रहा है तो इसके पीछे बीजेपी के उस कार्यकर्ता की ताकत है जो अपनी पूरी जिंदगी एक पार्टी के लिए समर्पित कर देता है और बदले में पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगता है`

मैं काफी लंबे समय से लेख लिख रहा हूं मेरा नंबर सार्वजनिक है और कई बार बीजेपी के कार्यकताओं से मेरी बात होती है एक बार में काशी के एक बीजेपी कार्यकर्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि भाई साहब मिलता कुछ नहीं हमारा पेट्रोल भी खर्च हो जाता है मैंने उनसे पूछा फिर आप क्यों जुड़े हैं बीजेपी से ? तो उन्होंने जवाब दिया हम देश के लिए जुड़े हैं जिस भी वर्कर से मेरी बात हुई उन्होंने अपने कई कड़वे अनुभव सुनाए लेकिन फिर आखिर में बात यही कहकर समाप्त होती है कि देश के लिए काम करना है जीते-मरते देश सबसे पहले है तेरा वैभव अमर रहे मां हम रहे चार दिन चार बीजेपी का कार्यकर्ता राष्ट्रवादी प्रेरणा से परिपूर्ण होता है।वह यह नही देखता है की किसे टिकट मिला या नहीं वह संपर्पित कार्यकर्ता होता है।वह सिर्फ कमल के फूल को पहचानता है`

दिल्ली में जब केजरीवाल की सरकार बनी तो केजरीवाल ने अपने कार्यकताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए तरह तरह के सामाजिक कार्यों के नाम पर वैकेंसी निकाली अपने कार्यकताओं को भर्ती किया और उनको धन का लाभ पहुंचाया आखिर क्यों ? इसलिए क्योंकि केजरीवाल जानते हैं कि मेरा कार्यकर्ता देश के लिए काम नहीं करता है वो मेरे लिए काम करता है इसलिए बदले में उसे कुछ देना होगा ठीक इसी तरह




समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ये मजबूरी है. कि जब वो सत्ता में आएगें तो उन्हें अपनी एक विशेष जाति और मजहब के लोगों को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाना ही पड़ेगा क्योंकि अखिलेश और मायावती दोनों ये जानते हैं कि उनका कार्यकर्ता देश के लिए नहीं बल्कि अपने जातीय प्रेम या फिर कुछ लालच के लिए उनसे जुड़ा हुआ है इसलिए उनको संतुष्ट करने के लिए करप्शन भी करना ही पड़ेगा प्रदेश को लूटना ही पड़ेगा इसीलिए ऐसी पार्टियों के राज्य में टॉप लेवल वाला करप्शन अत्यधिक बढ़ जाता है अब आप सोचिए बीजेपी की सरकार देश में करीब 8 सालों से हैं कई राज्यों में भी सरकार है लेकिन अगर बीजेपी के कोई कार्यकर्ता किसी तरह का अनुचित लाभ लेना चाहें तो नहीं ले सकते हैं यानी उनकी मेहनत से बनी हुई सरकार होने के बाद भी वो अपनी सरकार से कुछ अनुचित लाभ मांग नहीं सकते हैं ये सब कुछ उन्हें पता है फिर भी वो देश के लिए अपना पैसा खर्च करते हैं अपना समय खर्च करते हैं इसलिए वो राजयोगी की तरह है राजनीतिक सन्यासी की तरह है सच्चे कृष्ण भक्त हैं`

गीता का सार समझते हैं कर्म करते हैं फल की चिंता किए बगैर अक्सर बड़े बड़े पॉलिटिकल पंडित ये कहते देखे जाते हैं कि बीजेपी का कार्यकर्ता बहुत नाराज है` लेकिन आखिर में हम यही देखते हैं कि बीजेपी का कार्यकर्ता पार्टी के लिए घर से निकलता है और वोट डलवाकर ही शाम को अपने घर लौटता है और अभी 2022 में जब चुनाव खत्म होगा वोटिंग खत्म होगी तो अगली सुबह से वही कार्यकर्ता 2024 की तैयारी में लग जाएगा`

आज मैं इस लेख के माध्यम से सभी से कहना चाहता हूं कि आपके दरवाजे पर जब कोई बीजेपी कार्यकर्ता आए तो उसका वैसे ही सम्मान करना जैसे आप किसी साधु और संन्यासी का करते हो क्योंकि वो निस्वार्थ भाव से काम कर रहा है समाज के लिए अपना समय खर्च कर रहा है हम भी उनके त्याग तपस्या की बराबरी नहीं कर सकते हैं पश्चिम बंगाल और केरल में कितने ही बीजेपी के कार्यकर्ता इस देश के लिए बलिदान कर चुके हैं मैं इसकी तुलना वीरगति से करता हूं` मुझे ये कहने में कोई हिचक नहीं कि जो काम भारत की एकता और अखंडता के लिए सीमा पर सैनिक करता है वही काम देश के अंदर एक देशभक्त सरकार बनाकर बीजेपी का कार्यकर्ता भी करता है ध्यान से सोचिए ये बीजेपी का वर्कर है जो देशभक्त सरकार बनाता है इसलिए आज सीमा पर सैनिक के पास अत्याधुनिक और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अधिकार है`

आखिर मैं बीजेपी के एक एक कार्यकर्ता को मैं सैल्यूट करता हूं और ये कहता हूं कि आप लगे रहो आपका काम बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है ये देश आपके त्याग और तपस्या को याद रखेगा इतिहास की एक घटना मुझे याद आती है एक मराठा सैनिक ने अपना सिर एक मुगलिया तोप के मुंह में डाल दिया था ताकी एक तोप बेकार हो जाए सिर भले ही फट जाए जब इतने महान बलिदान होते हैं तब एक छत्रपति शिवाजी का निर्माण होता है आपकी त्याग और तपस्या से देश हिंदू राष्ट्र बनेगा ऐसा मुझको यकीन है।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ व दिव्यांग डाक मतपत्र से डालेंगे वोट - एसडीएम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। आगामी विस चुनाव को देखते हुए बुधवार को तहसील सभागार में पिंडरा विस क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक हुई। जिसमे वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग व्यक्तियों को घर से वोट डालने के लिए फॉर्म 12 डी का वितरण किया गया। वही बैठक में अनुपस्थित सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। पिंडरा विस क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर/ एसडीएम राजीव कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अब तक विस के 432 बीएलओ व 44 सुपरवाइजरो के कार्यो की समीक्षा करने के साथ उन्हें चुनाव आयोग के नए निदेशो से अवगत कराने के साथ बीएलओ को निष्पक्ष होकर कार्य करने की नसीहत दी गई। वही आयोग के निर्देश पर 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ व दिव्यांग व्यक्तियों को घर से मत डालने के लिए डाक मतपत्र के द्वारा वोट देने के बाबत विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ अपने क्षेत्र के उक्त व्यक्तियों को चिन्हित करते फॉर्म भरवाने के साथ फॉर्म का वितरण किया। बीएलओ को निर्देश दिया गया कि तय समय सीमा में उक्त फॉर्म को भर कर जमा करें। वही समीक्षा बैठक में एसडीएम द्वारा अनुपस्थित सीडीपीओ वीके उपाध्याय व एक दर्जन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। बैठक में प्रशिक्षु एसडीएम/बीडीओ शैलेन्द्र कुमार वर्मा, एआरओ रामनाथ, मंगराम, क्षमाशंकर पांडेय समेत अनेक सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### मामूली विवाद में भतीजे ने चाचा की गला दबाकर एवं दीवाल में सिर लड़ाकर की हत्या



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी खुर्द मोहल्ले के जोगियान बस्ती में गंगा देवी स्कूल के सामने वाली गली में चाचा भतीजे की आपसी लड़ाई में भतीजे ने चाचा बकरीदू उम्र 50 वर्ष की गला दबाकर एवं दीवाल में सिर लड़ाने के बाद पत्थर से मारकर हत्या कर दिया और मौके से आरोपी भतीजा राजू फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पट्टी खुर्द निवासी बकरीदू पुत्र स्व0 यासीन उम्र करीब 50 वर्ष ने कुछ मामले को लेकर अपने भतीजे राजू पुत्र इदु उम्र करीब 25 वर्ष गाली दे रहे थे कि राजू द्वारा उनको धक्का दे दिया गया इसके बाद गला दबाकर सिर पर पत्थर से मार दिया जिससे उनका सिर पीछे दीवार से टकरा गया और गंम्भीर रूप से घायल हो गये । घायल बकरीदू को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा भिजवाया गया जहां चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर दिया गया । मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बकरीदू के शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया है।

### वित्त मंत्री का पुतला फूंक कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, बजट को बताया जनविरोधी



प्रखर केराकत जौनपुर। कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष केराकत व भावी प्रत्याशी लालता चौधरी की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने सिहौली चौराहे पर बजट के विरोध में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन का पूतला फूक विरोध प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यलय कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला निकालते हुए भाजपा सरकार होश में आओ,योगी सरकार होस में आओ, वित्तमंत्री मुदार्बाद जैसे नारे लगाए। लालता चौधरी ने कहा कि यह बजट जनविरोधी है। आम जनमानस के हक में नही है।प्रदर्शनकारियों में विधान सभा भावी प्रत्यासी अनिल सोनकर,सूरज सिंह राजपूत,नगर अध्यक्ष आजाद कुरैशी,जाने आलम खान,सुशील सोनकर,डाक्टर अमरबली भास्कर,राजा सूर्यबली, राम अवध रहें।

### केराकत पुलिस द्वारा दो वाराण्टी महिला को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम तोदी के पर्यवेक्षण एवं दिशा -निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे दो महिला वाराण्टी ग्राम न्यायालय केराकत द्वारा निर्गत मु0नं0 211/20 स्टेट बनाम लालचन्द 323/504/427 भा0द0वि0 व मु0अ0स0 471/20 धारा 504 भा0द0वि0 से दो नफर महिला वाराण्टी को आज दिनांक 02.02.2022 को समय करीब 11.05 बजे दिन को ग्राम अहन सोनखरी व ग्राम मुर्तजाबाद से गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित न्यायालय किया गया गिरफ्तारी टीम प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत प्र0नि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर उ0नि0 गोबिन्द देव मिश्रा प्र0चौ0 मुफ्तीगंज थाना केराकत जनपद जौनपुर हे0का0 जयप्रकाश यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर म0का0 सुमन यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर म0का0 रोशनी वर्मा थाना केराकत जनपद जौनपुर।

### पैरामिलिट्री पुलिस बल के द्वारा किया गया रूट मार्च



प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत क्षेत्र के कई गाँवों में आज रूट मार्च करने के लिये यूपी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह से चुनाव कराने की तैयारियों में जुट गई है और क्षेत्र में सक्रियता भी बढ़ा रही है। चुनाव के मद्देनजर पैरामिलिट्री फोर्स जगह-जगह फ्लैग मार्च भी कर रही है। इसी क्रम में जौनपुर जिले के केराकत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में केराकत कस्बा से होते हुए मोहल्ला शेखज्यादा, मेहंदीतला,दलाल टोला, कस्बा नरहन,नरहन देहात औरी,हनुमान नगर,बकुलिया, कुसरना,तेजपुर,नरायनपुर, कुसैला होते हुए सर की चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेनापुर,सरकी,डेहरी, अकबरपुर,भौरा,रामपुर, छितौना,चौरा सहित दर्जनों गांव में पैरामिलिट्री फोर्स ने रूट मार्च किया प्रभारी निरीक्षक केराकत लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि संवेदनशील बूथों पर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है,ताकि लोग विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान कर सकें।

# वित्तीय वर्ष 2022-23 के आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में किसी भी तरह की राहत न दिया जाना और उसमें कोई बदलाव न करना कोई फायदा नहीं पहुंचाने वाला है - मनीष चौबे

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। युवा मंच के कैम्प कार्यालय खजूरी स्थित महानगर उद्योग व्यापार समिति के द्वारा आम बजट 2022 - 23 वित्त मंत्री सीतारमण जी द्वारा पेश किया गया उस पर व्यापारियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की` फैम के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र गोयनका ने यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का चौथा बजट है आम बजट में आयकर दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है इससे आम आदमी खासकर मिडिल क्लास की उम्मीदें चकनाचूर हो गई हैं हालांकि,कॉरपोरेट कर में राहत दी गई है अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि आम बजट को लेकर व्यापारी व मिडिल क्लास को उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं, लेकिन बजट में कुछ ऐसा तो नहीं दिखा जिससे जनता को राहत मिलने वाली है हां कुछ ऐसी घोषणाएं जरूर हुई हैं जो गृहणियों की परेशानी और बढ़ा सकती हैं, क्योंकि अमिश्रित ईंधन में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के प्रावधान के बाद तेल और सिलेंडर की कीमतों में इजाफा हो सकता है` उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि 400 नई ट्रेनों के संचालन के अलावा100 पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का विकास करना निश्चित तौर पर आने वाले समय में व्यापारियों को बड़ी राहत दे सकता है सरकार ने विकास को लेकर तो बहुत सी बातों पर ध्यान दिया है, लेकिन आम जनमानस को फिलहाल इस बजट से कोई भी फायदा दिखाई नहीं दे रहा है` महामंत्री अशोक जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2022-23 के लिए पेश आम बजट में वेतनभोगी वर्ग, मध्य वर्ग और छोटे कारोबारियों के लिए कुछ नहीं है।



आयकर टैक्स स्लैब में किसी तरह का बदलाव न किये जाने से किसी भी वर्ग को राहत नहीं मिलेगा जबकि वर्ष 2014 से लंबित 80उ में छूट की सीमा बढ़ाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है किसानों के लिए कुछ बड़े ऐलान और क्रिप्टो करेंसी को लेकर कुछ नए फैसले उसकी से कमाई पर 30 प्रतिशत का टैक्स लगाने का प्रावधान लागु करने से निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में कुछ बड़े बदलाव आ सकते हैं` चार्टर्ड अकाउंटेंट सुदेशना बसु ने कहा कि कहना था कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए बैंकों द्वारा 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंक की स्थापना किया जाना निश्चित तौर पर डिजिटल पेमेंट व्यवस्था को और भी मजबूत करने का काम करेगा` युवा अध्यक्ष मनीष चौबे ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में किसी भी तरह की राहत न दिया जाना और उसमें कोई बदलाव न करना कोई फायदा नहीं पहुंचाने वाला है ऊपर से ?2 पेट्रोल बढ़ाने की बात आम जनता व व्यापारियों पर ही इसका बोझ बढ़ना तय है।

संरक्षक श्रीनारायण खेमका ने कहा कि जीएसटी को लेकर भी उम्मीदें बहुत थीं, लेकिन जीएसटी के स्लैब में भी किसी तरह का कोई बदलाव कहीं नहीं दिखाई दिया. इसकी वजह से व्यापारी और आम वर्ग पर जो महंगाई की मार थी वह अभी कायम रहेगी उपाध्यक्ष अजय गुप्ता व उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ ने कहा कि डिजिटल करेंसी 25 फीसदी टैक्स लगाकर एक बदलाव की कोशिश जरूर की गई है. कॉरपोरेट्स को 18 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी करने का ऐलान किया गया है उपाध्यक्ष रजनीश कनौजिया व सुजीत गुप्ता ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा लाखों में मदद करने के लिए उन्हें केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों की कर कटौती की सीमा 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 फीसदी की गई है नए टैक्स रिपोर्ट में लाने की योजना को दृष्टिगत रखते हुए दो असेसमेंट साल तक अपडेट आईटीआर संभव करने की घोषणा निश्चित तौर पर व्यापारियों को बड़ी राहत देगी व्यापारी दिनेश कालरा व शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव मुन्ना ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रहित में चुनाव के माहौल में भी अपना स्वार्थ ना देखते हुए एक ऐसा बजट प्रस्तुत किया है जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। एमएसएमई ,स्टार्टअप और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, जिनके परिणाम स्वरूप पैसा बाजार में आएगा` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र गोयनका, संरक्षक श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष प्रेम मिश्रा, महामंत्री अशोक जयसवाल, उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा ,युवा अध्यक्ष मनीष चौबे, अजय गुप्ता , रजनीश कनौजिया,कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुजीत गुप्ता, राजकुमार जायसवाल उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ, नीरज चौबे ,सुनील कश्यप ,अनिल कुमार , संदीप गुप्ता ,संतोष जायसवाल, अशोक अग्रवाल, आदि कई व्यापारी मौजूद रहे।

## एमेजोन द्वारा भारत के मानचित्र और राष्ट्रध्वज का निरंतर अपमान !

भारत का राष्ट्रध्वज और भारत का मानचित्र अर्थात नक्शा यह करोडों भारतीयों की राष्ट्रीय अस्मिता का विषय है । राष्ट्रध्वज के उपयोग के संबंध में ध्वजसंहिता में नियम दिए गए हैं । उनका उल्लंघन करना अपराध है । भारत के नक्शे का विकृतीकरण करना भी अपराध है । ऐसा होते हुए एमेजोन कंपनी ध्वजसंहिता का उल्लंघन करते हुए भारत का राष्ट्रध्वज छपे टी-शर्ट, जूते आदि उत्पादन तथा विकृतीकरण किए हुए भारत के नक्शे के विनाइल स्टीकर्स का विक्रय वेबसाइट द्वारा कर रही है । इससे पूर्व अनेक बार एमेजोन कंपनी को इस संबंध में सूचित किया गया है; परंतु कंपनी किसी प्रकार का परिवर्तन न करते हुए विक्रय कर रही है । भारतीय राष्ट्रीय प्रतीकों का निरंतर अपमान करनेवाली एमेजोन कंपनी की यह मुंहजोरी अब रोकनी ही चाहिए । जब तक एमेजोन कंपनी भारत सरकार और भारतीय जनता से सार्वजनिक क्षमायाचना नहीं करती, तब तक एमेजोन कंपनी का बहिष्कार किया जाए, ऐसा आवाहन करते हुए भारत सरकार एमेजोन पर तत्काल कानूनी कार्यवाही करे, ऐसी मांग हिन्दू जनजागृति समिति के सुराज्य अभियान द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री मा. श्री. अमित शहा से की है । इससे संबंधित एक निवेदन हाल ही में मा. गृहमंत्री को भेजा गया है ।

इस निवेदन में कहा गया है कि, भारत के नक्शे से पाकव्याप्त और चीनव्याप्त कश्मीर का भूभाग हटा हुआ भारत का नक्शा छपे हुए विनाइल स्टीकर्स तथा अशोकचक्र सहित तिरंगा छपे हुए टी-शर्ट और जूते बेचने का एमेजोन का यह कार्य पहली बार ही नहीं है । इससे पूर्व भी एमेजोन ने राष्ट्रध्वज के समान तिरंगा मास्क, तिरंगा टोपी आदि उत्पादनों का विक्रय करते हुए राष्ट्रध्वज का अनादर किया है । कुछ दिनों पूर्व तो ऐमेजोन पर गांजा की बिक्री हुई है, यह भी उजागर हुआ था । इस संदर्भ में समिति ने सुराज्य अभियान की ओर से केंद्र सरकार से शिकायत की थी । राष्ट्रीय मानचिन्हों का दुरुपयोग रोकना कानून 1950 की धारा 2 और 5 के अनुसार; राष्ट्र प्रतिष्ठा अवमान प्रतिबंधक अधिनियम 1971 की धारा 2 के अनुसार और बोधचिन्ह एवं नाम (अनुचित उपयोग प्रतिबंधित) अधिनियम 1950 इन तीनों कानूनों के अनुसार दंडनीय अपराध है ।

## इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन हरियाणा ने डॉ दम्पति को बेटी नहीं है बोझ आओ बदले सोच के लिए एक विशेष पुरस्कार से किया सम्मानित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन हरियाणा ने डॉ दम्पति को "बेटी नहीं है बोझ आओ बदले सोच" के लिए एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया` आई एम ए हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ करन पुनिया तथा सचिव डॉ मुकेश पनवार ने दिया, विदित हो कि डॉ शिप्राधर पिछले आठ सालो से बेटियों के जन्म पर कोई शुल्क नहीं लेती तथा 50 से ज्यादा बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कराती है डॉ दम्पति हर महीने के पहली (01) तारीख को क्षेत्र की लगभग 70 या 80 जरूरत मंद एवं बिधवा महिलाओं को निःशुल्क अनाज तथा वस्त्र भी उपलब्ध कराते हैं` भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने डॉ क्षिप्रा के कार्यों को सराहा है




तथा उन्हें सम्मानित भी किया है डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव को कोरोना महामारी के समय कोविड-19 पर समाज को जागरूक करने हेतु तीन पुस्तकें लिखी जिनमें प्रमुख रूप से लाक डाउन की लक्ष्मण रेखा ,कोरोना हारेगा देश जीतेगा तथा कोविड -19 गाइड लाइन्स एण्ड मैनेजमेंट है विदित हो कि डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव को अभी हाल में आप के स्वास्थ्य पत्रिका के संपादन हेतु बेस्ट पत्रिका का पुरस्कार भी मिला, डॉ दम्पति के इस उपलब्धि पर चिकित्सक समुदाय ने बधाई एवम् शुभकामनाएँ दी भारत विकास परिषद वरुणा एवम् अनेकों समाजिक संस्थाओं ने भी इस विशेष उपलब्धि हेतु डा. दम्पति के कार्यों को सराहा तथा बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ दम्पत्ति के साथ रामजी सिंह, अजय श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव सहयोगी के रूप में उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक सत्संग व सतुरु दर्शन निरन्तर करते रहने से आप सभी समस्याओं से मुक्त हो सकते है -स्वामी जय गुरुबन्दे जी




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। परम सन्त स्वामी जय गुरुबन्दे जी महाराज द्वारा छितौना आश्रम, जालहूपुर वाराणसी परिसर में आयोजित मासिक आध्यात्मिक सत्संग व भजन कार्यक्रम में सुदूर क्षेत्रों से आये साधको ,भक्तजनो , श्रद्धालुओं को सनातन धर्म का बोध, ध्यान की गहराईयों एवं स्वर योग साधना के रहस्यों के बारे में जानकारी दी गयी। आध्यात्मिक सत्संग व सत्गुरु दर्शन निरन्तर करते रहने से आप सभी समस्याओं से मुक्त हो सकते है क्योंकि सत्संग से विवेक का जन्म होता है और विवेक के द्वारा मनुष्य स्वयं के जीवन का मूल्यांकन करता है। निज ज्ञान होने के पश्चात उसे शान्ति मिलती है चाहे परिस्थिति कितनी ही विकट क्यों न हो। जय गुरुबन्दे संस्था के तीन मुख्य उद्देश्य है आध्यात्मिक सत्संग व भजन, रोग निदान और ध्यान विधि द्वारा निज ज्ञान की अनुभूति एवं प्रभु की प्राप्ति । विदित हो कि कोरोना काल में जय गुरुबन्दे आश्रम द्वारा आस पास के 36 गाँवों के.गरीब व असहाय लोगों को निशुल्क राहत सामग्री सूचिबद्ध तरीके से वितरित किया गया। जय गुरुबन्दे आश्रम वाराणसी जिले के जाल्हूपुर बाजार से 4 किमी0 दूर छितौना वन में स्थित है इस आश्रम में असाध्य रोगो का बेसर पद्धति द्वारा निशुल्क व सफल उपचार किया जा रहा है जिसका लाभ समाज के हर वर्ग लेकर लाभवन्तित हो रहे है।

## सरकार की बजट ने जनता के साथ किया छल - स्टेट कोऑर्डिनेटर विनीत चौबे

प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर व युवा कांग्रेस के नेता विनीत चौबे ने बजट पर लगाया बड़ा आरोप सीता निर्मला रमण से बड़ी ही जनता को आशा थी लेकिन इस



सरकार ने जनता की आशाओं पर पानी फेर दिया लगातार जनता को लाचार कर रही है ऐसे में इस बार जनता के पास भी मौका है इस मौका को जनता गवाने वाली नही है ' इस बजट ने आज यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार तानाशाही पर उतारू है और हिटलर शाही करके जो मन में आ रहा है वह कर रही है इस बजट से कोई भी समुदाय या व्यापारी खुश नहीं है।

## आम बजट किसे ने सराहा तो किसी ने नकारा

प्रखर शाहगंज(जौनपुर)। मंगलवार को संसद में पेश हुए देश के आम बजट पर देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा की हमारा विजन अगले 25 साल में शूक्ष्म आर्थिक स्तर-समग्र कल्याण पर बल देते हुए वयापक आर्थिक विकास डिजिटल अर्थव्यवस्था व फिनटेक ,तकनीक समर्थित विकास ,ऊर्जा परिवर्तन तथा जलवायु कार्ययोजना को बढ़ावा देना है सार्वजनिक पूंजी निवेश की मदद से निजी निवेश शुरू करने के प्रभावी चक्र से लोगों को निजी निवेश से मदद करना है। आम बजट के सम्बंध में जब भास्कर संवाददाता ने लोगों से बजट के बारे जानना चाहा तो किसी ने बजट को सराहा तो किसी से एकदम से नकार दिया।

आम बजट के सम्बंध में नगर पालिका के चैयरमैन पति व भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल ने कहा की आम बजट किसानों, वयापारियों, गरीब, मजदूरों,के बहुत अच्छा है इस बजट से देश की अर्थ व्यवस्था को गति मिलेगी।बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। वही युवा समाजवादी नेता विशाल सेठ ने आम बजट को नकारते हुए कहा की बजट में युवाओं ,बेरोजगारों और कामगारों के लिए कुछ नही है ऐसा बजट पहले कभी नही आया देश वासियों को इस बजट से सिर्फ



निराशा हाथ लगी है। सोशल एक्टिविष्ट और पसमांदा नेता डॉक्टर आरिफ नदीम मंसूरी ने मिली जुली प्रतिकिर्या देते हुए कहा की चमड़ा ,जूता, चप्पल, मोबाइल फोन चार्जर, पैकेजिंग के डिब्बे,विदेश से आने वाली मशीनें एवं रत्न आभूषण तो सस्ता हुआ है मगर बिना मिलावट वाले जैव ईंधन, आयतित छाते, कैपिटल गुड्स पर आयात शुल्क में छूट को खत्म होने और आर्टिफिशियल आभूषण पर कर बढ़ने से दिक्कतें आएंगी। साइकिल पार्ट के वयापारी सीफतउल्लाह सिद्दीकी ने कहा की वयापारी वर्ग के लिए कुछ विशेष नही है उम्मीद से परे आम बजट पेश किया गया है ।वयापारी हितों की अनदेखी की गई है।

## मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दे जोर : जिला निर्वाचन अधिकारी

प्रखर जौनपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मीटिंग कक्ष में बैठक हुई, जिसमें मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को दृष्टिगत रखते हुए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम चलाया जा है। जिसके तहत प्रत्येक कार्यालय में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। जिसमें कार्यालय का प्रमुख अध्यक्ष होता है तथा एक सीनियर आफिसर को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। नोडल अधिकारी अपने कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सभी मतदाताओं को अपने क्षेत्र में मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए सभी




सरकारी विभागों, केन्द्र सरकार के जिला में कार्यरत कार्यालय, गैर-सरकारी विभागों तथा अन्य संस्थानों में मतदाता जागरूकता फोरम (वीएएफ) बनाये गये। यदि अभी भी किसी कार्यालय या संस्थान में मतदाता जागरूकता फोरम का गठन नहीं हुआ है तो तत्काल गठन कर इसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराये तथा निरन्तर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए और मतदाताओं को 07 मार्च को मतदान करने के लिए जागरुक व प्रेरित करें, जिसमें जनपद जौनपुर का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक-से-अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। इसके लिए लोगों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त करने की प्रक्रिया, ईवीएम वीवीपैट के विषय में जानकारी के साथ-साथ वोटर हेल्पलाइन, पीडब्ल्यूडी व केवाईसी ऐप अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों एवं कार्यक्रमों से लोगों को मतदाता के अधिकार एवं मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, सभी उप जिलाधिकारी, सभी आर ओ, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कर्स यूनियन के संस्थापक स्व. रामएकबाल राम की मनायी जयंती किया गया याद

प्रखर पूर्वान्चल सुपौल। सुपौल जिला, राधोपुर प्रखड सिमराही में आल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कर्स यूनियन सुपौल जिला सचिव ,आल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कर्स यूनियन के संस्थापक सहित अन्य कई संगठनों के संथापक, संचालक अभिभावक एवं मार्गदर्शक रहे स्व. रामएकबाल राम की मनायी गयी जयंती एक सभा का आयोजन कर याद किया गया। अध्यक्षता सूपौल जिला सचिव दिलीप कुमार ,राधोपुर प्रखड अध्यक्ष प्रभु राम ने किया।वक्ताओ ने कहा की वे 2013 में राम एकबाल राम ने आल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कर्स यूनियन की स्थापना किया और अध्यक्ष पदपर पर रहकर गरीब, विधवा, विकलागो, बेरोजगारो, जुता पालिस करने वाले मजदूर, वरिष्ठ नागरिकों की सेवा किये। भारत के रेलवे स्टेशन पर जुता पालिस करने मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। कई अन्य संस्थाओ के माध्यम से भी वे गरीबों,शोषितों की आजीवन सेवा करते रहते रहे`



गरीबों के मसिहा ,स्वर्गीय रामएकबाल राम का सासाराम की जनता के समस्याओं के समाधान के लिए सासाराम लोकसभा निर्दलीय चुनाव भी लड़े` रामएकबाल राम के अधूरे सपनो को पूरा करने के लिए हमारे यूनियन युनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राम बने है ओमप्रकाश राम निस्वार्थ भाव से समाज सेवा कर रहे है ।

## संक्षिप्त खबरें

### आज का बजट चौतरफा विकास का बजट है सबका साथ सबका विकास - राजेश कुमार सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती संगठन काशी संभाग के उद्यमियों ने संगठन कार्यालय कबीरचौरा पर वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट को देखा और चर्चा की चर्चा में भाग लेते हुए श्री ज्ञान प्रकाश शुक्ला पूर्व अध्यक्ष इनकम टैक्स बार एसोसिएशन ने कहा की कोबिद महामारी से जुझ रही अर्थव्यवस्था में स्वास्थ्य और टीकाकरण में हुए खर्च की भरपाई के लिए कोई सेश न लगाकर बड़ा उपकार किया है, हालाकि आयकर दरों में छूट ना मिलने से छोटे करदाताओं में थोड़ी निराशा अवश्य है विभिन्न रसायन, स्टील ,कच्चे माल की आयात दर में छूट देकर, मध्यम और लघु उद्योग के संवर्धन के लिए विशेष व्यवस्था कर उनके लिए संजीवनी का कार्य किया है नए एक्सप्रेस वे ,गरीबों के लिए नए के निर्माण हेतु आवंटित राशि के माध्यम 60 लाख नए रोजगार सृजन का सार्थक प्रयास अर्थव्यवस्था को सुधारने में सहायक होगा` राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी संभाग ने कहा कि वित्त मंत्री ने जुझ रही अर्थव्यवस्था में स्वास्थ्य और टीकाकरण में हुए खर्च की भरपाई कृषी यंत्र, मोबाइल फोन, चमड़ा, विदेशी यंत्र, हीरा का मूल्य में कमी से उद्योगों को प्रतिस्पर्धा करने में सहायक होगा हर घर को नल से पानी, हर गाँव को फाइबर और ढट ी विद्या से एक जागरूक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति मिलेगी` पीएम गति शक्ति मास्टर्स प्लान के अंतर्गत बनने वाले हाई वे, कार्गो के निर्माण से, नई वंदे भारत से देश की उन्नति दर तेज होगी` बजट चर्चा में श्री सत्य प्रकाश शुक्ला, श्री बच्चा शुक्ला ,श्री सर्वेश श्रीवास्तव संयोजक ग्राम शिल्पी प्रकोष्ठ, विजेंद्र नाथ जायसवाल, ज्योति शंकर मिश्रा, शैलेश सिंह, बृजेश सिंह, देवी विश्वकर्मा ने भाग लिया।

### स्टे आर्डर के बाद भी जबरन इंटरलाकिंग का निर्माण, पुलिस बनी मूकदर्शक



प्रखर जौनपुर। लाइन बाजार पुलिस की नाक के नीचे अवैध निर्माण हो रहा है। जमीन पर दीवानी न्यायालय ने स्थगनादेश दे रखा है। एसपी से भी शिकायत की गई, परंतु पुलिस ने अधिकारियों के आदेश को भी ताक में रख दिया। पीड़ितअफसरों की चौखट पर भटक रहा है। यह मामला शहर स्थित मियांपुर का है। वहां की निवासी बलजोर यादव ने पुलिस से शिकायत की है कि उसके जमीन पर अवैध रास्ते का निर्माण बिजेंद्र उर्फ सुरेंद्र सिंह, शिवम सिंह, कुशाग्र सिंह, प्रभाकर सिंह, जय प्रकाश सिंह उनके साथ दर्जनों आदमी मिलकर अवैध निर्माण रहे हैं। बलजोर यादव का आरोप है कि हमारी जमीन पर अवैध निर्माण चल रहा है। वह जमीन उसके नाम है, पर बिजेंद्र उर्फ सुरेंद्र सिंह उसे जबरन कब्जाना चाह रहे हैं, इसलिए अवैध निर्माण करा रहे हैं। उन्होंने पहले भी कोशिश की थी, जिसके बाद न्यायालय में स्थगनादेश की मांग की गई थी।

### 15 फरवरी तक वितरित होगा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना का निःशुल्क खाद्यान्न

प्रखर पिंडरा वाराणसी।कोटे की दुकानों से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 2 फरवरी से 15 फरवरी तक होगा।कार्डधारक अपनी कोटे की दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त कर ले।जिलापूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि उचित दर विक्रेता पहले कोरोना टीका का दूसरा डोज लगवाने को कार्डधारकों को प्रेरित कर लगवाने में सहयोग करे।इसके बाद राशन वितरण करे।उन्होंने बताया कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को प्रति यूनिट ब्यक्ति पाच किलो खाद्यान्न जिसमे तीन किलो गेंहू व दो किलो चावल निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक कुशवाहा और पूर्ति निरीक्षक उदयराज ने कोटेदारों से कहाकि जो भी उपभोक्ता राशन लेने दुकान पर पहुचे।अगर मास्क न लगाया हो तो उसका अंगूठा कदापि न लगवाए कोरोना नियमो का पालन करते हुए खाद्यान्न वितरित करेंगे। कोरोना का दूसरा डोज लगवाने के लिये प्रेरित करें।

### मरियम मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट व माया फाउंडेशन द्वारा ब्लड रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पांडेयपुर स्थित अशोक विहार फेज वन शीतल कांप्लेक्स में मरियम मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट एवं वह माया फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर बृजेश सिंह ने बताया कि मरियम के चौथे जन्म दिवस के अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है जो कि मरियम इस दुनिया में नहीं है उसकी याद में यह कार्यक्रम हुआ उन्होंने आगे बताया कि और किसी बच्ची के साथ ऐसा ना हो ब्लड की कमी से कोई परेशान ना हो इसलिए यहां के क्षेत्रीय लोगों में केक काटकर उसका जन्मदिन मनाया गया और बच्चों को खाद्य सामग्री सहित खिलौने और उपहार भेंट किए गए`इस अवसर पर अनवर हुसैन सिद्दीकी ,अध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्याय ,प्रिया, श्रुति जैन सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं